आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 291 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 25 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अगहन मास शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



**भारत-न्यूजीलैंड पहला वनडे**

## टीम इंडिया को पहली सफलता, शार्दूल ने फिन एलेन का विकेट लिया

**ऑकलैंड, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे की सीरीज का पहला मैच ऑकलैंड में खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 306 रन बनाए हैं। उसके टॉप-3 बल्लेबाजों ने अर्धशतकी पारियां खेली हैं। विराट कोहली की जगह नंबर-3 पर खेलने आए श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाए। कप्तान शिखर धवन ने 72 और ओपनर शुभमन गिल ने 50 रन का योगदान दिया। संजू सैमसन (36) और वॉशिंगटन सुंदर (37) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। गेंदबाजी में टिम साउदी और लोकी फर्ग्यूसन को तीन-तीन विकेट मिले। एक विकेट एडम मिल्ने के खाते में गया। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में एक विकेट पर 42 रन बना लिए हैं। डेवोन कॉनवे और कप्तान केन विलियमसन नाबाद हैं। फिन एलेन को शार्दूल ठाकुर ने पवेलियन की राह दिखाई। एलेन ने 25 गेंदों पर 22 रन बनाए।307 रनों का टारगेट चेज करते हुए न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने तेज शुरुआत की। फिन एलेन और डेवोन कॉनवे की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 46 गेंदों पर 35 रन जोड़े।

- खेल पेज भी देंखें-

## अमिताभ बच्चन का नाम, आवाज और फोटो बिना परमिशन के इस्तेमाल नहीं कर सकते, दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमिताभ बच्चन का नाम, उनकी आवाज और फोटो को अब बिना परमिशन के कोई इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यह ऑर्डर जारी किया। दरअसल, अमिताभ ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की है। इसमें उनकी पर्सनालिटी, आवाज और नाम को प्रोटेक्ट करने की गुहार लगाई गई है। अमिताभ का केस जाने-माने वकील हरीश साल्वे लड़ रहे हैं।

# मंडला जिले में हाथियों का आतंक, दहशत में लोग

**फसल रौंद रहे | जान लेने उतारू | दपंति को किया घायल**

**मंडला ,यशभारत।** जिले में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है लोग दहशत के साये में जी रहे हैं पिछले कुछ दिनों से हाथियों का दल मंडला जिले में घूम रहा है वहीं वन विभाग का अमला गश्ती कर लोगों को सुरक्षा के मदद्येनजर सचेत कर रहा है हाथियों का दल फसलों को नुकसान पहुंचा ही रहा है वहीं लोगों की जान लेने पर भी उतारू है बुधवार रात हाथियों के इस दल ने एक दंपती को घायल कर दिया दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के मवई वन क्षेत्र में जंगली हाथियों की आहट आनी शुरू हो गई है। मिली जानकारी में बताया गया है कि एक बार फिर छत्तीसगढ़की सीमा से जंगल के रास्ते से सफर करते हुए जिले के सुदूर अंचल में जंगली हाथी पहुंच गए हैं। जिसे लेकर वन विभाग ने अपने सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश जारी कर दिए हैं। हालांकि अभी तक जंगली हाथियों द्वारा किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा गया है। लेकिन दो माह पूर्व खेत की रखवाली कर रहे एक युवक को जंगली हाथियों के झुंड ने मौत के घाट उतार दिया था जंगली हाथी जिले के तराई अंचल में रहने वाले लोगों के



लिए किसी आफत से कम नहीं है वहीं दूसरी ओर गत दिनों क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा क्षेत्र का दौरा कर वन विभाग के कर्मचारियों से चर्चा कर उक्त समस्या का परमानेंट इलाज पर चर्चा भी की थी साथ ही उन्होंने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की थी कि जिस भी परिवार का व्यक्ति जंगली हाथियों द्वारा घायल या की मारा जाता हैं, उसे विभाग द्वारा आर्थिक सहायता के साथ ही नौकरी भी दी जानी चाहिए।

पिछले साल भी हाथियों ने आतंक बरपाया था। इसके अलावा हाथियों को पकड़ने की अनुमति होने के बावजूद लापरवाही के चलते जबलपुर जिले में करंट लगने से एक हाथी ने दम भी तोड़ा था । लगातार हो रही घटनाओं के बाद विभाग अब फिर से सक्रिय होता नजर आ रहा है। ज्यादा नुकसान न हो इसके लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत हाथियों के लिए कारीडोर का निर्माण करने जैसी योजना पर अमल करने की तैयारी भी है। ग्रामीणों को प्रशिक्षित किए जाने के अलावा हाथी ग्रामीण इलाकों में न भटकें इसके लिए भी प्रयास होंगे।

**दहेज नहीं मिला**

## तीन बार तलाक बोलकर पत्नी को घर से निकाला

**भोपाल , यशभारत।** राजधानी के छोला मंदिर इलाके में तीन तलाक एक मामला सामने आया है। आरोपित ने अपनी बीवी से सिर्फ इसलिए रिश्ता तोड़ लिया, क्योंकि उसके मायके वाले दहेज की मांग पूरी नहीं कर पा रहे थे। वर्ष 2019 में दोनों की शादी हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। छोला मंदिर थाना पुलिस ने पीड़ति महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज एक्ट एवं मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि चार दिसंबर 2019 को उसका निकाह शादी छोला क्षेत्र में रहने वाले सलीम शाह के




साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था, लेकिन उसके मायके वालों की आर्थिक स?थिति ऐसी नहीं है कि वे दहेज की मांग पूरी कर पाते। इसी दौरान उसने एक बेटी को जन्म भी दिया। उसके बाद उसे लगा कि शायद पति के व्यवहार में कुछ बदलाव आएगा, लेकिन पति दहेज के लिए उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रता?ित करता रहा। इसको लेकर पीड़िता ने महिला थाने में भी शिकायत की थी। महिला थाना पुलिस ने पति-पत्नी की काउंसलिंग भी की। इसके बाद भी पति के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। चार नवंबर की सुबह सलीम शाह ने पत्नी से मारपीट की। उसके बाद तीन बार तलाक बोलकर घर से बाहर निकाल दिया।

## बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस के दो कोच पटरी से उतरे

**यार्ड में जाते समय हुआ हादसा**

ग्वालियर, ईएमएस। ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस के दो कोच पटरी से उतर गए। हादसे के बाद स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना पर रेलवे प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार एक्सप्रेस ग्वालियर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से यार्ड में जा रही थी। इसी दौरान अचानक ट्रेन के दो कोच पटरी से उतर गए। गनीमत रही की ट्रेन में कोई यात्री मौजूद नहीं था। इसलिए बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

## 26/11 हमलों के दोषियों पर प्रतिबंध लगाने से रोका गया

**UN में भारत ने कहा- राजनीतिक कारण बाधा**

**नई दिल्ली, ईएमएस।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने कहा कि 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के दोषियों और मददगारों पर राजनीतिक कारणों से प्रतिबंध नहीं लगाया गया। इसके चलते आरोपी आजाद घूमते रहे और देश के खिलाफ सीमा पार से हमले करते रहे। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत रुचिरा कंबोज बोल रही थीं। उन्होंने कहा, आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना है।ISIS और अल-कायदा से जुड़े संगठन एशिया और अफ्रीका में आम लोगों और सुरक्षाबलों को निशाना बना रहे हैं। हमें भूलना नहीं चाहिए कि नवंबर 2008 में 10 आतंकवादी समुद्री रास्ते से पाकिस्तान से मुंबई में घुसे और 4 दिन तक शहर में तबाही मचाते रहे। हमले में आतंकियों ने 166 लोगों की हत्या की थी।



## पीएम की रैली में नो फ्लाइंग जोन में घुसा ड्रोन अहमदाबाद में थी जनसभा, तीन गिरफ्तार

**अहमदाबाद,ईएमएस।** गुजरात चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। दरअसल, अहमदाबाद के बावला



जिले में गुरुवार को पीएम की रैली कर रहे थे। तभी एक ड्रोन नो फ्लाइंग जोन में घुस आया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ड्रोन उड़ाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला कि ये तीनों शख्स ड्रोन कैमरे से एक वीडियो की शूटिंग कर रहे थे। इसमें लगे ऑपरेटिंग कैमरा में कोई विस्फोटक नहीं था। वहीं, पुलिस ने पीएम की रैली स्थल से दो किमी के इलाके को बुधवार को ही नो प्लाइंग जोन घोषित कर दिया था। इसके बाद भी ड्रोन नो फ्लाइंग जोन में घुस आया।गिरफ्तार किए गए लोगों का नाम निकुल रमेशभाई, राकेश कालूभाई और राजेशकुमार मांगीलाल प्रजापति है। इनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है और न ही ये किसी राजनीतिक पार्टी या संगठन से जुड़े हैं। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच से यही पता चला है कि इनका किसी को नुकसान पहुंचाने का इरादा नहीं था।रैली के दौरान पीएम मोदी ने गुजरात सरकार की उपलब्धियां गिनाई। पीएम ने कहा कि गुजरात में बीजेपी की सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को बदल दिया है। राज्य में शिक्षा का बजट बढ़कर 33,000 करोड़ हो गया है।

## दिल्लीAIIMS से 4 करोड़ मरीजों का डेटा चोरी

**अटल बिहारी-सोनिया गांधी समेत कई दिग्गजों का हुआ है इलाज, अज्ञात लोगों पर केस दर्ज**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली AIIMS के ऑनलाइन सिस्टम पर बड़े साइबर अटैक का खुलासा हुआ है। AIIMS के सिस्टम से करीब 4 करोड़ मरीजों का डेटा चोरी हुआ है। यह देश के मेडिकल सेक्टर में अब तक की सबसे बड़ी हैकिंग है। 8 साल पहले AIIMS के डेटा को पूरी तरह से डिजिटल हुआ था। उसके बाद AIIMS में अटल बिहार सहित कई पूर्व प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का इलाज हो चुका है। इन सभी का पर्सनल डेटा AIIMS के सर्वर से हैक हो चुका है। पिछले दो दिन से NIC, CBI, IB, DRDO और दिल्ली पुलिस जांच में जुटी हुई है। उधरAIIMS के दो सिस्टम एनालिस्ट को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, डेटा हैक में इंटरनेशनल साइबर क्राइम का कनेक्शन होने की आशंका है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि कि ये साइबर टेरर से जुडा मामला है। इस संबंध में गुरुवार को FIR दर्ज की गई है।




दिल्ली ढ्ढ्ढरूस्न का सर्वर बुधवार सुबह 7 बजे से डाउन है, जिसे करीब 48 घंटे बाद भी रिकवर नहीं किया जा सका है। इसके चलते अस्पताल में मरीजों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में दिक्कतें आ रही हैं। जांच एजेंसियां AIIMS में ऑनलाइन सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से जुड़े सभी कंप्यूटर्स को खंगाल रही हैं। साइबर एक्सपर्ट और सॉफ्टवेयर इंजीनियर डेटा हैक के सोर्स और रिसीवर की तलाश में जुटी है। साथ ही साइबर अटैक के संभावित खतरे से निपटने के उपाय भी किए जा रहे हैं। इंटरनेट को बंद किया गया, सभी काम मैन्युअली हो रहS AIIMS में इंटरनेट बंद कर दिया है। ई-हॉस्पिटल डेटाबेस और लैब इन्फॉर्मेशन सिस्टम के डेटा बेस को एक्सटर्नल हार्ड ड्राइव में लिया गया है। चार एक्सट्रा सर्वर लगाए गए हैं। ओपीडी और आईपीडी में सभी काम मैन्युअलीहो रहे हैं।




## भारत जोड़ो यात्रा का तीसरा दिन, सनावद के लिए निकले राहुल गांधी

**खरगोन, भीकनगांव, यशभारत। राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा का आज मध्य प्रदेश में तीसरा दिन है। गुरुवार रात ग्राम खेरदा में रात्रि विश्राम के बाद अपने अगले पड़ाव भान भरड की ओर जाने के लिए तैयार है। इसके पहले विश्राम स्थल पर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता पहुंच चुके हैं। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।**



ग्राम खेरदा से यात्रा सुबह 6.15 बजे खरगोन की ओर निकल चुकी है राहुल के साथ प्रियंका गांधी भी मौजूद है। काफिला खेरदा से आधा किलोमीटर दूर तक कार से निकला है। इसके बाद भान भरड़ के लिए पैदल यात्रा शुरू हुई है। ठंड के बावजूद राहुल गांधी की अगवानी के लिए सड़क के दोनों ओर सुबह से ही लोग जमा हो गए थे। उनके साथ उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ दिग्विजय सिंह समेत मप्र कांग्रेस के सभी बड़े नेता चल रहे हैं। वे सुबह टी-ब्रेक लिए बिना ही यात्रा के लिए आगे बढ़ गए। यात्रा की शुरुआत सुबह 6 बजे से खरगोन जिले के खेरदा गांव से हुई। यहां से यात्रा खरगोन पहुंची। यात्रा का मॉर्निंग ब्रेक सुबह 10.30 बजे भानबरड में होगा। यहां से यात्रा बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी शाम को ओंकारेश्वर में दर्शन करेंगे। इसके बाद उनका नर्मदा पूजन का कार्यक्रम है। आज राहुल 23 किलोमीटर पैदल यात्रा करेंगे। भान भरड़ में हिंदुस्तान बायोडीजल पेट्रोल पंप के सामने विराम की व्यवस्था की गई है। यहां लंच के बाद यात्रा दोपहर करीब 3ञ्30 बजे भान भरड से सनावद के लिए निकलेगी। शाम करीब 6ञ्30 बजे यात्रा सनावद बस स्टैंड पर पहुंचेगी। यहां राहुल गांधी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद यात्रा मोरटक्का के लिए रवाना होगी।

## राहुल को उड़ाने की धमकी, इंदौर में संदिग्ध हिरासत में ,इसी के नाम से आई थी चिट्ठी

**इंदौर, यशभारत।** इंदौर में एक दुकान पर डाक से चिट्ठी भेजकर राहुल गांधी को उड़ाने की धमकी देने से जुड़े एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है। इसे कुछ देर पहले इंदौर के ही अन्नपूर्णा इलाके से उठाया गया है। उससे गोपनीय स्थान पर पूछताछ की जा रही है। कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्रा ने बताया अन्नूपर्णा क्षेत्र से संदिग्ध को हिरासत में लिया है। यह वह व्यक्ति है जिसके नाम से चिट्ठी भिजवाई गई थी। युवक सिख समाज का है। विस्तृत जानकारी अलग से दी जाएगी।कमिश्नर ने यह भी कहा कि अभी ऐसा नहीं लग रहा है कि यह हरकत इसी ने की होगी। लग रहा है कि किसी ने इसे फंसाने के लिए इसके नाम का उपयोग किया है। वह कौन हो सकता है, इसका पता लगा रहे हैं।गौरतलब है इंदौर की एक होटल पर सनसनीखेज लेटर पहुंचा था। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की खालसा कॉलेज में होने वाली सभा पर हमले की धमकी दी गई। इसी के साथ पूरे इंदौर को बम विस्फोट से दहला देने की धमकी भी दी है।

# शादी-ब्याह की धूम शुरू, बाजारों में बढ़ी रौनक, आज से गुजेंगी शहनाई



**जबलपुर, यशभारत।** आज से वैवाहिक आयोजनों की धूमधाम प्रारंभ हो गई। शहर में विवाहों के लग्न मुहूर्त शुक्रवार से शुरू हो रहे हैं। इस बार लगन में दो हजार से ज्यादा शादियों में बैंड बाजा गूंजने की उम्मीद है। शादी-ब्याह और अन्य मांगलिक आयोजनों को लेकर बाजारों में ग्राहकों की रौनक बढ़ गई है। बर्तन, कपड़ा, आभूषण, श्रृंगार सामग्री आदि दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लग रहीहै। अच्छे कारोबार से व्यापारियों के चेहरे खिल गए हैं।देव दीपावली के पश्चात वैवाहिक आयोजन शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस बार शुक्र अस्त होने के चलते वैवाहिक आयोजन पर प्रतिबंध लग गया था। शुक्र उदय होते ही शादी-ब्याह और अन्य मांगलिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया। इसको लेकर शहर और आसपास के सभी मैरिज गार्डन, होटल चुके हैं। पंडितों के अनुसार विवाह मुहूर्तों के लिए गुरु और शुक्र का उदित होना जरूरी माना गया है। अब तक शुक्र अस्त के कारण विवाह मुहूर्त शुरू नहीं हो पाए थे। अब शुक्र तारा उदित हो चुका है, इसके बाद आज से शहनाई की गूंज सुनाई देने लगेंगी।इस बार की लगन पर कोरोना का साया नहीं रहेगा। लोगों में उत्साह भी दिख रहा है। 25 नवंबर को सीजन का पहला शुभ मुहूर्त पड़ रहा है, इसलिए जिले में तमाम शादियां होंगी। इसको लेकर लड़का और लड़की पक्ष वालों ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं मैरिज गार्डन, होटल, सामुदायिक भवन भी सज-धजकर तैयार हैं। शुक्रवार, शनिवार, रविवार को मांगलिक मुहूर्त होने से विवाह होंगे। वर्ष 2023 में 89 दिन विवाह समारोह की शुभ तिथियां रहेंगी ! इस साल नवम्बर में 3 दिन तो दिसम्बर में 6 दिन लग्न मुहूर्त रहेंगे। विवाह मुहूर्त शुरू होने के बाद 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक विवाह कार्यों पर एक माह का विराम लगेगा। धनु की संक्रांति के कारण विवाह कार्य नहीं होंगे। नवम्बर और दिसम्बर माह में जमकर शादियां होगी। नवम्बर में 3 दिन और दिसम्बर में 6 दिन मुहूर्त है।

### नवंबर-दिसंबर में विवाह मुहूर्त

नवम्बर - 25, 26 और 27

दिसम्बर - 2, 3, 4, 7, 8, 15।

### 2023 में विवाह मुहूर्त

जनवरी - 16, 17, 19, 25, 26, 27, 30, 31

फरवरी - 1, 6, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 22, 23, 24, 27, 28

मार्च - 5, 6, 8, 9, 11, 13

अप्रैल - गुरू का तारा अस्त होने के कारण इस माह में कोई शुभ मुहूर्त नहीं है।

मई - 2, 3, 4, 6, 7, 8, 11, 15, 16, 20, 21, 26, 27, 28, 29, 30

जून -1, 3, 4, 5, 6, 7, 11, 12, 13, 16, 22, 23, 25, 26, 27

नवंबर - 23, 24, 27, 28, 29।

दिसंबर - 3, 4, 5, 6, 7, 13, 14, 15।

नोट : शुभ विवाह मुहूर्त की जानकारी अरूणोदय पंचांग के अनुसार

### गुरु व शुक्र अस्त होने पर इसलिए नहीं किए जाते शुभ काम

तारा डूबने का अर्थ तारा के अस्त हो जाने से होता है। जैसे सूर्य का उदय और अस्त होना। खगोल के अनुसार सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक का तारा है जो अपने ही प्रकाश से चमकता है। अन्य ग्रह सूर्य के प्रकाश ही प्रकाशित होते हैं। वैदिक ज्योतिष में गुरु एवं शुक्र ग्रह को तारा माना गया है। इनके अस्त हो जाने पर भारतीय ज्योतिष शास्त्र किसी भी प्राणी को शुभकार्य की अनुमति नहीं देता। बृहस्पति ग्रह को संपन्नता, विवाह, वैभव, विवेक, धार्मिक कार्य आदि का कारक माना जाता है। इसलिए इनका अस्त होना शुभ नहीं होता। शुक्र अस्त होने से उससे मिलने वाली सुख-समृद्धि से लोग वंचित रह जाते हैं। गुरु व शुक्र ग्रह जब अस्त होते हैं तब शुभ-मांगलिक कार्यों को करने की भी मनाही होती है।

# अब दिसंबर में ही दिखेगा कड़ाके की ठंड का असर



**जबलपुर, यशभारत।** पिछले दो दिनों से दिन में सर्दी से कुछ हद तक राहत मिल रही है। अभी रात के समय ही उत्तर और पूर्वी हवा चलने पर ही ठंड का असर दिखाई दे रहा है। शुक्रवार सुबह शहरवासियों को ठंड का एहसास हुआ। स्कूल के लिए सुबह निकले छात्रों ने स्वेटर व ब्लेजर पहने तो मार्निंग वाक पर जाने वालों ने भी ठंड से बचने का पूरा इंतजाम किया। सुबह धूप भी खिली। कड़ाके की ठंड दिसंबर में ही देखने को मिलेगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, आज यानी शुक्रवार को दिन का तापमान सामान्य के आसपास रहेगा दिन के तापमान में सामान्य से एक डिग्री की कमी ही दर्ज की जाएगी। गुरुवार को शहर में अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम 27 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिसे कम 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । सुबह साढ़े आठ बजे का तापमान 13.8 रहा आद्रता 80 प्रतशत दर्ज की गई। मौसम केंद्र के विज्ञानियों के मुताबिक, अभी तक उत्तर भारत से सीधे जो हवा आ रही थी, उसकी एकरूपता खत्म हुई है। अभी दिन में हवा का रुख कभी पश्चिमी तो कभी उत्तर पूर्वी हो रहा है। बदलती हवाओं के कारण ही अभी तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, नवंबर माह के अंत तक इसी तरह तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। दिसंबर के पहले सप्ताह में ही उत्तर पूर्वी हवा के असर से सर्दी का तेज असर दिखाई देगा। इसी दौरान धुंध व कोहरे का असर भी देखने को मिलेगा। रात हुई तो फिर उत्तरी बर्फीली हवाएं ठिठुराने लगी। कई जगह रात में लोग ठंड से बचने अलाव जलाकर तापते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार हवाओं का रुख फिर से उत्तरी हो गया है। हालांकि रफ्तार तीन से चार किमी प्रतिघंटा है। शुक्रवार की सुबह से सर्द हवा महसूस होती रही। वहीं मौसम विभाग ने दो दिन बाद ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। मसलन 26 नंवबर के बाद तापमान में एक बार फिर गिरावट का दौर देखा जा सकेगा। फिलहाल शुक्रवार को भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा।



# दृष्टिबाधित छात्राओं हेतु पॉच दिवसीय क्रिकेट एवं आत्मरक्षा प्रषिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर, यशभारत।** दिव्यांग प्रकोष्ठ, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर एवं राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ ज्ञानदीप स्पर्श उच्च शिक्षा कन्या छात्रावास दृष्टिबाधित क्रिकेट एसोसिएशन म.प्र. द्वारा दृष्टिबाधित छात्राओं हेतु पॉच दिवसीय क्रिकेट एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण का उद्घाटन डॉ.लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग, जबलुपर संभाग, जबलपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. लीला भलावी ने कहा कि यह एक मात्र महाविद्यालय है जहॉ पर दृष्टिबाधित छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं म.प्र. की दृष्टिबाधित छात्राओं का म.प्र. गर्ल्स क्रिकेट टीम हेतु चयन किया जायेगा। प्रो. अरुण शुक्ल, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि यह प्रदेश का एकमात्र महाविद्यालय है जहॉ नेत्रहीन विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु पूर्णतः निःशुल्क है तथा प्रदेश का एक मात्र महाविद्यालय है जहॉ लगभग 100 से दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी, प्रो. अरुण शुक्ल, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी, डॉ. शिवेन्द्र परिहार सहा.प्राध्यापक समन्वयक दृष्टिहीन छात्रावास, डॉ. ज्योति जुनगरे क्रीड़ाअधिकारी, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. मिर्जा अख्तर बेग उपस्थित रहें।प्रशिक्षण विशेषज्ञ दीपक पहारे, राम पॉल, कु. अनुप्रिया, कु. सुनीता सराठे द्वारा छात्राओं को क्रिकेट एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु छात्राओं की डेऊस, क्रिकेट किट निःशुल्क प्रदान की गई।

# बच्चों को स्वेटर मिलते ही खिल उठें उनके चेहरे



### ठण्ड से बच्चों को बचाने के लिए हम हैं न फाउण्डेशन बांटी स्वेटर

**जबलपुर, यशभारत।** हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा निरंतर देश व समाजसेवा के हर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में ठण्ड को देखते हुए हम हैं न फाउण्डेशन ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कठौंदा में करीब 150 बच्चों को ठण्ड से बचाने के लिए स्वेटर का वितरण किया गया, ताकि यह बच्चें ठण्ड में स्वयं को बचाते हुए स्वेटर पहनकर स्कूल में शिक्षण कार्य के लिए आ सकें। इस संबंध में हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्यों ने बताया कि उन्हें शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कठौंदा के शिक्षकों के माध्यम से ज्ञात हुआ था कि स्कूल में अध्ययन के लिए आने वाले प्रायमरी के बच्चें अत्यंत निर्धन हैं और उन्हें ठण्ड से बचाने के लिए स्कूल ड्रेस की स्वेटर नहीं है, जिसके बाद हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा स्कूल के बच्चों को स्कूली स्वेटर का वितरण किया गया, ताकि बच्चें स्वयं को ठण्ड से बचाते हुए स्कूल पढ़ाई व लिखाई के लिए स्वेटर पहनकर आ सकें। इस दौरान शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कठौदा के प्राचार्य ब्रज बिहारी श्रीवास्तव, युवामोर्चा अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ठाकुर, हम हैं न फाउण्डेशन से आशीष विश्वकर्मा, इंजीनियर शरद विश्वकर्मा, आनंद सेन, शिक्षक संजय चौबे, प्रशस्त्र विश्वकर्मा, सुशील यादव, सर्वेयर श्रीनंदन पटेल, हर्षित शुक्ला, जितेन्द्र वैष्णव, मनीष विश्वकर्मा व शाला के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। स्वेटर वितरण के कार्य में अराध्या तिवारी प्रियम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# मदन महल दरगाह मे उमड़ा अक़ीदतमंदो का सैलाब

### सूफी संत सम्मेलन मे दिया एकता और भाईचारा का पैगाम

**जबलपुर,यशभारत।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर गौस ए आजम की दरगाह में गुरुवार को ग्यारहवीं शरीफ के आखरी उर्स मेला मे हजारों की तादाद मे अक़ीदतमंदो ने हाजिरी दी, चादर निशान चढ़ाए एवं नजरो न्याज पेश की तथा लंगर तक़सीम किया। मदन महल पहाड़ी पर दिन भर हरे झंडे लहराये तथा या च्गौस अल मददज्के नारे गूंजते रहे ।

**जायरीन का हुजूम-** अलसुबह बाद नमाज फजर से दरगाह शरीफ मे जायरीन की हाजिरी का सिलसिला शुरू हो गया। स्थानीय लोगों के अतिरिक्त दूर दराज से आए अक़ीदतमंद बड़ी संख्या मे दरगाह पहुंचे। दोपहर बाद दरगाह में अक़ीदतमंदो का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.7 पर सूपाताल कब्रस्तान से दरगाह तक के लगभग 2 कि.मी. लंबे पहाड़ी मार्ग पर भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। अनुमानतः डेढ़ दो लाख जायरीन ने दरगाह शरीफ मे सलामी पेश की । दरगाह मे शहनाई बैंड पर गूंजती नातिया धुनों के बीच सैकड़ों की तादाद मे चादर व निशान पेश किये गए । मुस्लिमों के साथ अन्य धर्मावलंबियो ने भी दरगाह में चादर झंडे चढाकर साम्प्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया । दरगाह में ग्यारह -इक्कीस मीटर लंबी चादरें तथा इकतीस-इंक्यावन फुट ऊँचे निशान पेश किये गए । दरगाह परिसर मे अनेक बाबाओं पर हाल की आमद थी जिनके इर्द गिर्द मुरादियो का मजमा लगा था । दरगाह मे बड़ी तादाद मे महिलाओं ने भी हाजिरी पेश की ।

**सूफी संत सम्मेलन-** जल्सागाह मे अपरान्ह सूफी संत सम्मेलन का एहतेमाम किया गया । मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत मे आयोजित बज्म ए सूफिया मे कादरी, चिश्ती, निज़ामी, साबरी, मदारी, न्याज़ी, सफवी, रजवी, वारसी, सुल्तानी, बुर्हानी, अशरफ़ी, रब्बानी, बंदानवाज़ी आदि सिलसिलों के मुकामि व दूर दराज से आये सूफी हजरात ने शिरकत फरमाई। सम्मेलन मे सूफी संतो ने एकता और भाईचारे का पैग़ाम जन जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया । इस मौके पर मुल्क मे खुशहाली व तरक़्क़ी के लिए दुआयें की गई ।

**दस्तारबंदी इस्तक़बाल-** सूफी संत सम्मेलन मे मुबारक अली कादरी ने तक़रीर पेश की । वासित अली ने नअत शरीफ व मनकबत पाक पेश की । खादिमाने दरगाह मुबारक कादरी, जुल्फिकार अली, निज़ाम कादरी, मंसूर अली, इनायत कादरी, याकूब अली शाह, जवाहर कादरी, अमान कादरी, राज कादरी ने सूफी हजरात की दस्तारबंदी कर इस्तक़बाल किया । आफताब अली कादरी, राहत अली, सलामत अली, आबिद अली, अतहर कादरी, मुहम्मद अली, असगर कादरी, इदरीस कादरी जलील शाह ने तबरुक पेश किये । सायकाल मगरिब की नमाज़ोपरांत सलातो सलाम पेश किया गया ।

**कुल शरीफ आज -** दरगाह शरीफ मे जुमा शुक्रवार को दोपहर जुमा की नमाज़ोपरांत कुल शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा । इस मौके पर दूर दराज से आए सूफी हजरात की दस्तारबंदी कर विदाई दी जाएगी । मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी व सज्जादानशीन मुबारक कादरी, इनायत कादरी ने अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है ।

**शानदार सजावट-** ग्यारहवीं शरीफ के आखरी उर्स मेला के मौके पर मदन महल दरगाह मे शानदार सजावट की गई है । दरगाह की सीढियों से लेकर गुम्बद तक बिजली के हजारों रंगीन बल्ब व आकर्षक फूल सज्जा की गई हैं । सायकाल सूरज डूबते ही संपूर्ण दरगाह परिषर मे जगमगाहट का खूबसूरत नजारा रहा ।

# रानी दुर्गावती एकांकी को मिला प्रदेश का पुरस्कार



**जबलपुर यशभारत।** संस्कारधानी के वरिष्ठ रंगकर्मी दविन्दर सिंह ग्रोवर की कृति रानी दुर्गावती (एकांकी) को साहित्य अकादमी का,प्रादेशिक सेठ गोविंद दास एकांकी पुरस्कार प्राप्त हुआ है. दविन्दर सिंह ग्रोवर नाट्य लोक सांस्कृतिक संस्था के माध्यम से दो दशकों से लगातार सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय है. श्री जानकी बैंड ऑफ वुमन के संयोजक का दायित्व भी लगातार निभा रहे हैं. नाट्य लोक सांस्कृतिक संस्था के वरिष्ठ रंगकर्मी निर्देशक संजय गर्ग ,वरिष्ठ रंगकर्मी विनय शर्मा ,डॉक्टर शिप्रा सुल्हेरे , रविंद्र ,पराग, मुस्कान, आदि सदस्यों द्वारा हर्ष किया गया है. प्रेरणा स्त्रोत एवं संरक्षक श्री जानकी रमन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं श्री शरद पालन जी, अभिमन्यु जैन जी ,सुरेश विचित्र जी जानकी रमन परिवार के सदस्यों ने दविन्दर सिंह ग्रोवर को इस उपलब्धि पर अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं व्यक्त की है।

# नगर निगम की जल वितरण व्यवस्था होगी और मजबूत, नहीं होगा जल संकट: महापौर

### अत्याधुनिक 6 नग नए ट्रक टैंकर वाहनों का अवलोकन और पूजन के बाद हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम की जल वितरण व्यवस्था में आज एक और मजबूती आई। नगर निगम के टैंकर शाखा के बेड़े में शामिल हुए 4 हजार लीटर के 2 नग, 6 हजार लीटर के 2 नग, एवं 8 हजार लीटर के 2 नग, कुल 6 नग नए ट्रक टैंकर वाहनों का अवलोकन और पूजन के बाद महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', के साथ नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज, जलप्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती एकता गुप्ता और अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने कहा कि संस्कारधानी के नागरिकों की सुख, शांति एवं समृद्धि की हम कामना करते हैं और उनके हित के लिए जो भी बेहतर प्रयास हो सकते हैं वे सारे प्रयास हम सभी मिलकर पूर्ण करने में लगे हुए हैं। ग्रीष्म ऋतु में भी शहर के नागरिकों को दोनों समय पर्याप्त मात्रा में पेयजल की आपूर्ति हो इसके लिए लागातार प्रयास किये जा रहे हैं।इसी क?में आज टैंकर शाखा में 6 नग नए टैंकरों को शामिल कराया गया है, इससे पेयजल वितरण व्यवस्था और मजबूत होगी। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि भीषण गर्मी में ट्रक टैंकर से नगर निगम की जल वितरण व्यवस्था में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि यह टैंकर हमारे लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा और हम इससे आम नागरिकों तक और तेजगति से पानी पहुँचाने के कार्यो को कर सकेगें।उन्होंने बताया कि ये अत्याधुनिक टैंकरों में पावर फूल मशीन लगी हुई है जो 25 मीटर ऊपर तक पानी पहुंचाने में सहायक है। इस अवसर पर अपर आयुक्त वित्त महेश कुमार कोरी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री राजेश खम्परिया, सहायक यंत्री रविन्द्र ठाकुर आदि भी उपस्थित रहे।



### बिना परमिट/अवैध रूप से संचालित 128 आटो/आपे जप्त

**जबलपुर, यशभारत।** माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप कुमार शेण्डे के मार्गदर्शन में जबलपुर पुलिस द्वारा बिना परमिट/अवैध रूप से संचालित आटो/आपे के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् लगातार वैधानिक कार्यवाही की जाकर चालान माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जबलपुर पुलिस द्वारा 374 ऑटो/आपे को रोककर चैक किया गया है, 38 बिना परमिट/अवैध रूप से संचालित आटो/आपे के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी है। उल्लेखनीय है कि अब तक 90 बिना परमिट आटो/आपे को जप्त करते हुये चालानी कार्यवाही कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

**कर्मचारी जगत**

# आदेश के बाद भी नहीं हो पा रहा एन.पी.एस. पासबुक का संधारण


**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी / कर्मचारी संयुक्त महामोर्चा ने शासन के आदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के आदेश के बाद भी कुछ संकुल प्राचार्यो की लापरवाही के कारण कुछ संकुलों में एन . पी . एस . पासबुक का संधारण नहीं हो पा रहा है । जिससे अध्यापकों की एन.पी.एस. का लेखा जोखा अधूरा है । अतः माननीय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से मांग की गई है कि ऐसे प्राचार्यो पर सख्त कार्यवाही की जाए जिनके द्वारा आज दिनांक तक एन.पी.एस. पासबुक का संधारण नहीं किया गया है । संघ के प्रमोद तिवारी , उदित भदौरिया , अवधेश तिवारी , मनोज सेन , सुनील राय , विनय नामदेव , धमेन्द्र केवट , पवन ताम्रकार , धीरेन्द्र सोनी , मो . तारिक , प्रियांशु शुक्ला ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से मांग की है कि एन.पी.एस. पासबुक का संधारण न करने वाले प्राचार्यो पर कार्यवाही की जाये।

### संविदा भर्ती में भेद-भाव

मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने आरोप लगाया गया है कि नगर निगम जिस कर्मचारी के नाम पर 12500 रुपये ठेकेदार को दे रहा है वहीं ठेकेदार कर्मचारियों को 6 से 8 हजार रुपये माह देकर लाखों रुपये की लूट खसोट कर रहे हैमध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जीतेंद्र सिंह ने बताया है की मध्यप्रदेश नगरपालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) सेवा नियम, 2021 मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 01 जून 2021 का पालन जबलपुर नगर निगम में नही हो रहा है ,इसका पालन करवाने के लिए संभागीय आयुक्त जबलपुर कार्यालय में दिनाँक 8/6/2021 एवं 2/9/2021 को ज्ञापन दिया गया लेकिन आज भी रिटायर हो रहे कर्मचारियों को संविदा के आधार पर नियुक्ति नहीं दी गई। ठेकेदारी पर रखे गए कंप्यूटर आपरेटरों को निर्धारित राशि का भुगतान किया जा रहा है,नियम 2 (8)के अनुसार वाहन चालक को 10000 हजार से 12 हजार ,हेल्पर को 8 हजार से 12 हजार रुपये माह पर 1 वर्ष के लिए रखा जाना है। मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम संविदा सेवा (नियुक्ति एवं म 2007 एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका परिषद् संविदा विशेषज्ञों एवं तकनीकी की सेवा (अनुबंध तथा सेवा की शर्त) नियम, 2017 निरसित किये जाकर मध्यप्रदेश का सविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें ) सेवा नियम 2021 का प्रकाशन मध्यप्रदेश (राजपत्र प्रशारण) दिनांक 01 जून 2021 को किया गया है। मध्यप्रदेशअधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे ,जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय,वाहन चालक संघ नगर निगम समिति अध्यक्ष सुभाष गौतम,विश्वदीप पटेरिया, देवदोनेरिया, रविकांत दहायत, नरेश शुक्ला, संतोष मिश्रा, मुकेश चतुर्वेदी, प्रसांत सोंधिया, संजय गुजराल, धीरेन्द्र सिंह, मुकेश मरकाम, एस के बांदिल, प्रदीप पटेल,अजय दुबे,कपिल दुबे ,योगेंद्र मिश्रा,दुर्गेश पांडेय,आलोक अग्निहोत्री,विनय नामदेव,आसुतोष तिवारी,मनोज रॉय ने मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र के अनुसार संविदा नियुक्ति करने एवं निर्धारित राशि का भुगतान करने की मांग की है।

### बीस वर्षों से बच्चों को मिल रही न्यूनतम खुराक राशि

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन एवं जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि पिछले 20 वर्षो से स्कूली खिलाड़ी बच्चों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु 90 रूप्ये एवं राजस्तरीय प्रतियोगिता हेतु 100रूप्ये प्रतिदिन के हिसाब से आज भी इस मंहगाई के दौर में डाईड मनी (खुराक राशि) दी जाती है जो कि अतिन्यूनतम राशि है इतनी कम राशि में बच्चे तीन टाईम का भोजन कैसे करेंगे और कैसे अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। जबकि यह तय माना जाता है कि जब तक बच्चों को भरपूर डाईट नहीं मिलेगी तब तक हम उनसे अच्छे प्रदर्शन की उमीद नहीं कर सकते। यही वजह है कि मध्य प्रदेश दम खम वाले खेलों में पिछड़ता जा रहा है। संघ ने आगे बताया कि जब स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे साल भर अपने खेलों में प्रदर्शन सुधारने एवं जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने के उदेष्य से मेहनत कर पसीना बहाते है और अच्छे प्रदर्शन की उमीद लेकर अपने जिले से बाहर जाते है तब उन्हे संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु 200रूप्ये एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु 250रूप्ये प्रतिदिन के हिसाब से डाईड मनी दी जानी चाहिए। जिससे उनके प्रर्दशन में सुधार आ सके क्योंकि एक अच्छे खिला?ी से अच्छे प्रर्दशन हेतु अच्छी डाईट दी जाना अतिआवश्यक है अतः खिला?ी बच्चों की खुराक राशि बड़ाई जानी चाहिए।



# शिक्षकों को मिलेगा 10 हजार का टेवलेट बच्चों को कराएंगे ऑनलाइन टीचिंग

**जबलपुर, यशभारत। शिक्षा की बेहतरी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग अब शिक्षकों को टेबलेट उपलब्ध कराएगा। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने बजट जारी किया है। प्रत्येक शिक्षक को 10 हजार का एक टेबलेट दिया जाएगा, टेबलेट से शिक्षक ऑनलाइन टीचिंग के साथ स्कूल से जुड़ी ऑनलाइन गतिविधियों को बताएंगे।**

### 1 लाख 72 हजार 956 शिक्षकों को मिलेगा टेबलेट

भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान की कार्ययोजना 2022-23 में टीचर्स रिर्सोस पैकेज के अंतर्गत 1,72,956 प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के द्वारा विषयवस्तु को विभिन्न Digital Portal से प्राप्त कर बच्चों को दिखाने, आनलाईन टीचिंग, प्रशिक्षण आदि के लिये 10,000 रू. प्रति शिक्षक की दर से बजट प्रावधान टेवलेट क्रय हेतु किया गया है।

### राज्य शिक्षा केंद्र ने उपलब्ध कराया बजट

### शिक्षक सेवानिवृत्त होता है उसे ये करना होगा

अतः अतिरिक्त राशि लगाकर के उच्च स्पेसिफिकेशन के टेवलेट क्रय किये जा सकते है। राज्य स्तर से अधिकतम राशि रू. 10,000/- ही जारी की जा सकेगी। जिन शिक्षको की सेवा निवृत्ति अवधि 2 वर्ष से अधिक है उनके द्वारा टेवलेट अनिवार्यतः क्रय किया जायेगा। टेवलेट के समयावधि की गणना टेवलेट के क्रय दिनांक से की जायेगी। यदि शिक्षक टेवलेट क्रय करने के पश्चात 4 वर्ष की समयावधि के पूर्व सेवानिवृत्त हो जाते है तो शेष समयावधि के लिए राशि रू.2500/- प्रति वर्ष के दर से राशि जमा करनी होगी। उदाहरण- यदि शिक्षक के द्वारा 3 वर्ष टेवलेट का उपयोग किया जाता है तो राशि रू. 2500 / - यदि 2 वर्ष टेवलेट उपयोग किया जाता है तो राशि रू.5000/- की राशि जमा करनी होगी।

### टेबलेट खरीदने के लिए ये कार्रवाई करनी होगी

- राज्य स्तर से निर्धारित न्यूनतम स्पेसिफिकेशन (संलग्न) के अनुसार टेवलेट का क्रय संबंधित शिक्षक के द्वारा किया जायेगा।
- टेवलेट क्रय उपरांत टेवलेट का देयक एवं स्पेसिफिकेशन MPSEDC के सहयोग से तैयार किये गये माडयूल में दर्ज किया जायेगा।
- MPSEDC के माडयूल पर दर्ज देयक अनुसार अधिकतम राशि रू. 10,000/- संबंधित शिक्षक के खाते में जारी की जायेगी।

### 4 साल तक टेबलेट से बच्चों को पढ़ाने के बाद स्वयं उपयोग कर सकेंगे शिक्षक

टेवलेट की कार्यशीलता अवधि चार वर्ष मानते हुये राज्य स्तर से चार वर्ष तक टेवलेट को ट्रेक किया जायेगा। इसके पश्चात टेवलेट का मूल्य शून्य माना जायेगा। अर्थात चार वर्ष पश्चात टेवलेट का उपयोग शिक्षक के द्वारा स्वयं के कार्य हेतु किया जा सकेगा। चार वर्ष की समय सीमा में यदि टेवलेट क्षतिग्रस्त अथवा गुम हो जाता है तो निर्धारित 2.5 स्पेसिफिकेशन का टेवलेट शिक्षक के द्वारा स्वयं के व्यय से क्रय किया जायेगा।शिक्षक के द्वारा चार वर्ष बाद टेवलेट का उपयोग स्वयं के द्वारा किया जा सकेगा।

## हाईकोर्ट ने केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल से कहा, 30 दिन के अंदर दिया जाए प्रशिक्षण भत्ता



**जबलपुर, यशभारत।** रायपुर, छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में निरीक्षक-निजी सचिव के पद पर कार्यरत याचिकाकर्ता ने इस आशय की याचिका जबलपुर, हाईकोर्ट में प्रस्तुत की कि दिनांक 7.9 .2021 से 21-12-2016 तक के लिए याचिकाकर्ता का एवं राजकुमार शर्मा निरीक्षक-निजी सचिव सहित अन्य लोगों को प्रतिनियुक्ति पर प्रशिक्षण हेतु केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, भोपाल भेजा गया। प्रशिक्षण के दौरान राजकुमार शर्मा कोर्स कोआर्डिनेटर एवं याचिकाकर्ता असिस्टेंट कोर्स कोआर्डिनेटर के रूप में कार्य किया। याचिकाकर्ता भी अन्य लोगों की तरह प्रशिक्षण कार्य में प्रशिक्षण के दौरान संलग्न रहा लेकिन राजकुमार शर्मा सहित अन्य लोगों का दि.7.9.2012 से 21.12.2016 तक का प्रशिक्षण भत्ता दिया गया लेकिन याचिकाकर्ता के इस अवधि का प्रशिक्षण भत्ता देने से इंकार कर दिया गया एवं रिप्रजेंटेशन देने पर भी जब प्रशिक्षण भत्ता याचिकाकर्ता का नहीं दिया गया ते याचिकाकर्ता ने हाईकाट ने रिट याचिका प्रस्तुत की जिसमें हाईकोर्ट की एकलपीठ माननीय न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी ने निर्णय देते हुए यह पाया कि याचिकाकर्ता एवं राजकुमार शर्मा का एक साथ आदेश दि.17.7.2012 दस्तावेज क. पी-11 के अनुसार प्रशिक्षण हेतु भेजा गया एवं आदेश दि.25.2.2016 दस्तावेज क. पी-12 के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान राजकुमार शर्मा ने का-आर्डिनेटर एवं याचिकाकर्ता ने असिस्टेंट को-आर्डिनेटर के रूप में कार्य किया लेकिन इन दस्तावेजों का बिना विचार में लिए याचिकाकर्ता को प्रशिक्षण भत्ता देने से इंकार कर दिया गया जबकि राजकूमार शर्मा को प्रशिक्षण भत्ता दिया गया। इस स्थिति में माननीय हाईकोर्ट ने निदेशक केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल के आदिशित किया है कि 60 दिन के अंदर उक्त दस्तावेजों का विचार में लेते हुए प्रशिक्षण भत्ता प्राप्त करने की याचिकाकर्ता की पात्रता तय करे एवं पात्र पाए जाने की स्थिति में 30 दिन के अंदर पात्र पाए जाने की स्थिति में याचिकाकर्ता को प्रशिक्षण भत्ता का भुगतान करें।. याचिकाकर्ता की ओर से शीतला प्रसाद त्रिपाठी (एडवोकेट), सुशील त्रिपाठी (एडवोकेट) ने पैरवी की।

## आयुष्मान से अनुबंधित अस्पतालों की होगी जांच, टीमें गठित

**जबलपुर, यशभारत।** आयुष्मान कार्डधारी व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से भर्ती कर शासकीय राशि के दुरुपयोग को लेकर मिली शिकायतों पर कमिश्नर बी. चंद्रशेखर ने जबलपुर सहित संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स को आयुष्मान से अनुबंधित अस्पतालों की जांच के निर्देश दिए हैं। जबलपुर के 31 अस्पतालों की जांच के लिए राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीमें बनाई गई हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की तरफ से गठित की गई इन टीमों को आयुष्मान से अनुबंधित इन अस्पतालों की जांच 20 दिन के भीतर कर लेने तथा जांच प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। अलग-अलग क्षेत्रों में स्थापित इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत किए गए इलाज से संबंधित दस्तावेज जुटाए जाएंगे। देखा जाएगा कि इलाज के दौरान गड़बड़ी तो नहीं की गई है। कहीं योजना का दुरुपयोग तो नहीं किया जा रहा है।




### यह टीम करेगी जांच

अपर कलेक्टर एवं एसडीएम आधारताल नम~ शिवाय अरजरिया और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती की टीम को आदित्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुबे सर्जिकल एण्ड डेंटल हॉस्पिटल, अनंत नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड एवं अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर हॉस्पिटल की जांच की जिम्मेदारी दी गई है।

## जबलपुर की सेंजली ने संसद भवन में इंदिरा गांधी जयंती पर दिया संबोधन

### मध्य प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए नेहरू युवा केंद्र से जबलपुर की सेंजली नायक का चयन हुआ था



**जबलपुर, यशभारत।** संसद भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में समस्त मध्य प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए नेहरू युवा केंद्र से जबलपुर की सेंजली नायक का चयन हुआ था। देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 25 प्रतिनिधियों में से केवल 10 राज्यों के प्रतिनिधियों को इंदिरा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में संबोधन का अवसर प्रदान हुआ, इसमें जबलपुर संस्कारधानी की सेंजली नायक ने इंदिरा जी की स्वर्णिम उपलब्धियों का विवरण अंग्रेज़ी भाषा में दिया। सेंजली नायक ने यश भारत से अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि 19 नवंबर को सभी राज्यों से आए प्रतिनिधियों को विशेष बस सेवा से संसद भवन ले जाया गया, उसके बाद वे लोकसभा व राज्यसभा हाउस में गए, जहां उन्होंने विस्तार से सभी पहलुओं के बारे में समझा,उन्होने ने बताया कि वे संसद लाइब्रेरी, प्रधानमंत्री संग्रहालय भी गए, आयोजकों ने नए संसद भवन निर्माण के बारे में भी उन्हे बताया। संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाी, सोनिया गांधी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों से उनका परिचय हुआ। संसद भवन कार्यक्रम के बाद उन्हें दिल्ली दर्शन टूर के लिए ले जाया गया। टूर में इंडिया गेट दर्शन, राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र, नेशनल वॉर मेमोरियल म्यूजियम, पार्लियामेंट्री म्यूजियम, पार्लियामेंट्री कैंटीन, सांसद लाइब्रेरी, इंदिरा गांधी संग्रहालय एवं कई राष्ट्रीय दफ्तरों और पदाधिकारियों से भेंट वार्ता हुई। सेंजली अपनी स्कूली शिक्षा सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सदर एवं पोस्ट ग्रेजुएशन हवाबाग कॉलेज से पूरा किया। वर्तमान में सेंजली सिंबोसिस इंटरनेशनल लॉ कॉलेज, पुणे में वकालत के लिए अध्ययनरत हैं।

## युवा कवि आकाश सिंह राठौर मुसाफ़िर को साहित्य शिरोमणि सम्मान

**जबलपुर ,यशभारत।** बुलंदी साहित्यक सेवा समिति (अंतर्राष्ट्रीय) द्वारा दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम उत्तराखण्ड काव्य महोत्सव का आयोजन करवाया था। जिसमें शहर का बेटा आकाश सिंह राठौर च्मुसाफ़िर च को काव्य पाठय हेतु च्साहित्य शिरोमणि सम्मान ,बुलंदी संस्था के संस्थापक विवेक बादल बाजपुरी एंव संरक्षक पंकज शर्मा द्वारा प्रदान किया गया द्य बताते चले पिछले वर्ष बुलंदी संस्था ने हिंदी के प्रचार -प्रसार हेतु 207 घण्टे का अनवरत कार्यक्रम आयोजित करवाया था द्य जिसे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज भी किया गया है द्य और इसी वर्ष 21 अगस्त से 5 सितम्बर तक अनवरत 370 घण्टे का अंतरराष्ट्रीय वर्च्युअल कवि सम्मेलन करवाया है जिसमे दुनिया भर के 45 देशों के हिंदी कवियो ने सहभागिता की द्य जिसे विश्व रिकॉर्ड के रूप मे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा द्य बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती है द्य जो कि सहित्य जगत में वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध संस्थाओ में से है।





## निगमायुक्त आशीष वशिष्ट ने शहर वृत्त, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के साथ की समन्वय बैठक

### निगमायुक्त ने नगर निगम और शहर वृत्त, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ कार्य करने पर दिया जोर

**जबलपुर ,यशभारत।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ट की अध्यक्षता में शहर वृत्त, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के समस्त सम्भागों के साथ बेहतर समन्वय हेतु बैठक आयोजित की गयी।बैठक मे मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से अधिक्षण अभियंता,शहर वृत्त, कार्यपालन अभियंता(पूर्व, पश्चिम,उत्तर, दक्षिण एवं विजय नगर), सहायक अभियंता (पूर्व, पश्चिम,उत्तर, दक्षिण एवं विजय नगर) एवं प्रकाश विभाग से सहायक आयुक्त श्री संभव अयाची, सहायक यंत्री संदीप जयसवाल,समस्त उपयंत्री एवं ईईएसएल से श्री सम्राट डोंगरे उपस्थित रहे। बैठक में सड़क निर्माण मे बाधक समस्त विद्युत पोल/लाईन शिफ्टिंग संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किये जाने पर चर्चा की गयी साथ ही स्ट्रीट लाइट सर्किट पर ईईएसएल द्वारा स्थापित किये गए सीसीएमएस पैनल फील्ड पर शत प्रतिशत ऑटो मोड पर कार्य करें इसके लिए संभाग-वार संयुक्त स्थल निरीक्षण कर तकनीकी रूप से निराकरण किये जाने पर सहमति बनी एवं ईईएसएल को सीसीएमएस पैनल ऑनलाइन डैशबोर्ड पर आवश्यक संशोधन हेतु मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं नगर पालिक निगम जबलपुर से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये गए जिससे फील्ड की जानकारी ऑनलाइन डैशबोर्ड पर तत्काल प्राप्त की जा सके।

## खमरिया की जर्जर सड़कों का 2करोड़ से कायाकल्प

### ईस्ट लेंड के साथ ग्रामीण इलाकों में आवागमन होगा आसान

**जबलपुर यशभारत।** जर्जर हो चुकी खमरिया इस्टेट के ईस्ट लेंड की सड़कों की हालत अब जल्द ही सुधरने वाली है। इसके लिये खमरिया प्रबंधन ने दो करोड़ की स्वीकृति देते हुए नागपुर की कंपनी को ठेका स्वीकृत कर दिया है।जल्द ही नागपुर की कंपनी अपना काम शुरू करने वाली है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुये एआईडीआईएफ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और लेबर यूनियन के महासचिव अर्नब दास गुप्ता ने बताया क्यू- टाइप बस स्टैंड से ग्राम घाना चौराहा तक काली बाड़ी मंदिर से एल पी आर की ओर जाने वाली सड़क से लेकर एन टाइप बस स्टैंड से लेकर ग्राम वर्धा सहित टाइप 1 स्थित पंचवटी से लेकर ग्राम तिघरा को जोड़ने वाली सड़क लंबे अरसे से जर्जर हो गई थी।जिसको लेकर यूनियन लगातार खमरिया प्रबंधन से चर्चा रत रही।प्रबंधन को बताया गया कि इस्टेट परिसर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी आने जाने के साथ परिवार को भी आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।अब लंबे अरसे बाद उन तमाम सड़कों का कायाकल्प होने वाला है।जानकारी के अनुसार कुल नौ किलोमीटर की सड़क निर्माण का काम दो करोड़ की लागत होने जा रहा है।जिसका ठेका नागपुर की एक कम्पनी को दिया गया है जो जल्द ही अपना काम शुरू करने वाली है।

## 3 दिसंबर से होगी राज्य ओपन परीक्षाओं की शुरुआत

**जबलपुर, यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में अभी समय हो लेकिन राज्य ओपन ने परीक्षाओं को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की समय सारणी घोषित हो गई है। यह परीक्षाएं दिसंबर से प्रारंभ होगी। परीक्षा को लेकर जिले में परीक्षा केंद्रों को लेकर आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। अभी केंद्र तय होने के कारण परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए गए हैं। परीक्षा को लेकर जिले में केंद्रों को तय करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। परीक्षा केंद्रों की सूची को ओपन बोर्ड द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। कक्षा 10वीं हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 26 दिसंबर से प्रारंभ होकर 3 जनवरी तक चलेगी। जबकि 12वीं की परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू होकर 6 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। बोर्ड द्वारा उक्त परीक्षाएं दोपहर की पाली में आायोजित की जाएंगी। परीक्षार्थियों परीक्षा कक्ष में दोपहर 2 बजे उपिस्थत होना अनिवार्य होगा। दोपहर 2.15 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनिट पहले उत्तरपुस्तिका छात्र-छात्राओं को दी जाएगी। जबकि परीक्षा के प्रश्नपत्र 5 मिनट पहले छात्रों को मिलेंगे।

**रोजगार प्रशिक्षण**

क्या आप रोजगार चाहते हैं

आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें

कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है

register nline@
https://www.grow.org.in

90099-85689

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1036/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 23/11/22

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री विवेक कुमार जैन विकास, श्रद्धा पिता स्व. रवीन्द्र कुमार जैन निवासी रानीताल जबलपुर मप्र के द्वारा मौजा सुभाषनगर स्थित भूमि खसरा नंबर प्लाट नं 131/6 में से रकवा 1676.5 वर्गफुट भूमि पर श्रीमती दीप्ती जैन की मृत्यु दिनांक 4.5.2021 को हो जाने के कारण वारसान हक में वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/12/22 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 23/11/22
पेशी दिनांक - 12/12/22

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

## शहीदी दिवस पर प्रभातफेरियां निकलीं रागी जत्था तान के कार्यक्रम हुए निर्धारित



**जबलपुर, यशभारत।** नवमे नानक गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस समारोह पर गुरुद्वारा गोरखपुर एवं भर्तीपुर में भोर वेला में कीर्तनी प्रभातफेरियां निकाली गई। आयोजन में शिरकत करने हेतु वर्ल्ड फेम कीर्तनी रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह तान ,अमेरिका का आगमन हो रहा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उनके कार्यक्रम निर्धारित कर दिए गए हैं। तान 26 नवंबर को प्रातः 7:30 बजे प्रेम नगर मदन महल में, 27 नवंबर को प्रातः 8~30 बजे गुरुद्वारा रांझीं में दोपहर 12:00 बजे गुरुद्वारा ग्वारीघाट में तथा रात्रि 8:00 बजे गुरुद्वारा प्रेम नगर में गुरबाणी कीर्तन एवं प्रवचन करेंगे। शहीदी दिवस का मुख्य आयोजन 28 नवंबर को गुरुद्वारा प्रेम नगर में प्रातः 10:00 बजे से लेकर अर्धरात्रि 12:00 बजे तक निर्बाध चलेगा इसमें तान एवं अन्य प्रचारकगण शिरकत करेंगे। तान अमेरिका से फ्लाइट द्वारा पटियाला पंजाब पहुंचेंगे तदोपरांत रेल मार्ग से दिल्ली होते हुए जबलपुर आएंगे। प्रधान साहिब गजेंद्रसिंह बांगा सचिव मनमोहन सिंह सलूजा कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह दुआ एवं आयोजन समिति द्वारा साध संगत एवं नगर के धर्म प्राण श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी

## गंजीपुरा, रॉझी जलशोधन संयंत्र, मंडी मदार टेकरी से रद्दी चौकी एवं श्याम टॉकीज तक अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए लगातार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। मुहिम के अंतर्गत मुख्य मार्गो, चौराहों, तिराहों एवं सार्वजनिक स्थलों के आस-पास के सभी स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को लगातार हटवाया जा रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार अतिक्रमण शाखा के द्वारा यातायात में बाधक 45 से अधिक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी। अतिक्रमण निरोधक अधिकारी सागर बोरकर, ने बताया कि आज व्यवस्तम क्षेत्र गंजीपुरा कमला नेहरू कन्या उच्चतर मध्यमिक विद्यालय के सामने, रॉझी जलशोधन संयंत्र के बाहर पुनः, मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान से लेकर रद्दी चौकी तक, एवं श्याम टॉकिज आदि से लगे अनाधिकृत रूप से ठेले टपरों को हटाने कार्यवाही की गयी तथा व्यापारियों को समझाईस भी दी जाकर मुनादी भी कराई गयी। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण करते पाए गये तो सामग्री जप्ती एवं ठेले, टपरों को तो?ने की कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही के संभागीय अधिकारी आनंद मिश्रा, अतिक्रमण दल प्रभारी ब्रज किशोर तिवारी एवं अतिक्रमण की टीम उपस्थित रहीं। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा अतिक्रमण दल को लगातार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाने के भी निर्देश दिये गये हैं।



## निवेश के लिए सबसे स्वच्छ राज्य मप्र आइए

# बेंगलुरु में शिवराज ने दिया उद्योगपतियों को न्योता

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश देश का स्वच्छतम राज्य है। प्रदेश लगातार छठवीं बार स्वच्छता में उपलब्धियां अर्जित कर देश का सिरमौर बना है। प्रदेश में 3 लाख किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं। अटल एक्सप्रेस-वे, नर्मदा एक्सप्रेस-वे से जहां एक ओर अंतर्राज्यीय कनेक्टिविटी बढ़ेगी, वहीं दिल्ली और गुजरात से भी आवागमन सुगम और कम समय में होगा। इंदौर और भोपाल के बीच में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड बैंक उपलब्ध है। मध्यप्रदेश, पावर सरप्लस राज्य है, दिल्ली की मेट्रो ट्रेन भी मध्यप्रदेश के सोलर प्लांट से चल रही है इसलिए निवेश के लिए मप्र आइए।




यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेंगलुरु में च्मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरज विषय पर संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कही। चौहान ने कहा कि प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। स्किल्ड मेन पावर के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर है, प्रदेश के लोग शांति से कार्य करने में विश्वास रखते हैं, हमारी ब्यूरोक्रेसी भी प्रो-एक्टिव है। यह सब बिन्दु औद्योगिक विकास और निवेश के लिए हमारी ताकत है। राज्य सरकार उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार अपनी विभिन्न नीतियों में जरूरी बदलाव करने के लिए सहमत है। प्रदेश में सभी क्षेत्रों के उद्योग और निवेश के लिए पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। उद्योगपति एंव निवेशक आएं, बातचीत करें और उद्योग तथा प्रदेश की प्रगति में सहभागी बने। बेंगलुरु के होटल ताज यशवंतपुर में संवाद सत्र में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमऔर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा, विभिन्न उद्योगपति और निवेशक सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में 11 और 12 जनवरी 2023 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। इससे पहले 8 से 10 जनवरी तक प्रवासी भारतीय सम्मेलन होगा, जिसमें 80 से अधिक देशों में निवास कर रहे प्रवासी भारतीय सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और निवेशकों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।




# भोपाल के गैस पीड़ित दिल्ली में उठाएंगे हक की आवाज

**भोपाल, यशभारत। भोपाल गैस कांड की 38वीं बरसी 3 दिसंबर को है। इस दिन हजारों गैस पीड़ित दिल्ली में रैली निकालेंगे। 2 दिसंबर को भी दिल्ली जाएंगे। इससे पहले भोपाल में प्रदर्शन चल रहा है। पांच संगठन अब तक 40 हजार गैस पीड़ितों के हस्ताक्षर भी ले चुके हैं। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से भी गैस पीड़ित मिलेंगे। वे मंत्री से कहेंगे कि 10 जनवरी 2023 को अतिरिक्त मुआवजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होना है।**

### रैली निकाल जताएंगे विरोध

इसमें केंद्र और मप्र सरकार पीड़ितों के हक में पूरी ताकत से पक्ष रखें। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने बताया कि गैस पीड़ितों के हक में पांच गैस पीड़ित संगठन एकसाथ आगे आए हैं। हर रोज नीलम पार्क में गैस पीड़ित प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके हस्ताक्षर भी लिए जा रहे हैं। अब तक 40 हजार से ज्यादा पीड़ितों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके प्रदर्शन के जरिए मांग की जा रही है कि 38वीं बरसी से पहले केंद्र और मप्र सरकार गैस पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का वादा पूरा करें।

#### हर गैस पीड़ित को मिले 6 लाख रुपए

भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने बताया कि 10 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त मुआवजे की सुनवाई है। मप्र सरकार पीएम को चिट्ठी को लिखें। ताकि, पांच लाख 21 हजार गैस पीड़ितों को सही मुआवजा मिल सके। यूनियन कर्बाइड और डाव केमिकल से प्रत्येक पीड़ित को 6 लाख रुपए मुआवजा मिलना चाहिए। इस हिसाब से 96 अरब की जगह 646 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। अध्यक्ष ढिंगरा ने बताया कि 38वीं बरसी से पहले हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। ये तब तक चलेगा जब तक कि गैस पीड़ितों को इंसान नहीं मिल जाए। 2 दिसंबर को ट्रेन के जरिए 3 हजार से अधिक गैस पीड़ित दिल्ली जाएंगे। वहां स्थित जंतर-मंतर में 3 दिसंबर को शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकालेंगे।



# अगले साल से शुरू होगी फेसलेस रजिस्ट्री

**भोपाल ईएमएस।** अगले साल एक अप्रैल से नई व्यवस्था के तहत फेसलेस रजिस्ट्री की सुविधा प्रदेश में शुरू हो जाएगी। शुरुआत में इसमें मॉर्गेज प्रॉपर्टी को शामिल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के सफल होने के बाद अन्य प्रॉपर्टी के दस्तावेजों के लिए भी इसे लागू किया जाएगा। अफसरों का तर्क है कि प्रॉपर्टी बंधक कराने के लिए अभी व्यक्ति को दो से तीन बार बैंक और पंजीयन अफसरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस छोटे से काम के लिए कई बार तो लोगों को विदेशों से यहां पर आना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए ही फेसलेस रजिस्ट्र शुरू की जा रही है। एम. सेलवेंद्रन, महानिरीक्षक पंजीयन एक अप्रैल से नई व्यवस्था को लागू करने की तैयारी है। फेसलेस रजिस्ट्री की शुरूआत मॉर्गेज प्रॉपर्टी से होगी। 4 विभागों के अफसरों को सब रजिस्ट्रार के अधिकार देने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

# नेशनल और स्टेट हाईवे की सड़कों की स्थिति बेहद खराब

**भोपाल, यश भारत ।** मध्य प्रदेश में नेशनल और स्टेट हाईवे की सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। जगह-जगह ब्लैक स्पाट, अवैध कट और सड़क डिजाइन में कमियों के चलते दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। सरकार के प्रयास भी विफल हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए योजनाएं तो बनाई हैं, लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। मालवा-निमाड़ अंचल और भोपाल अंचल के जिलों में खराब सड़कें, यातायात व्यवस्थित करने तकनीकी संसाधनों की कमी और स्पीड लिमिट बोर्ड के अभाव में दुर्घटनाओं में कमी नहीं आई हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशन पर मध्य प्रदेश में लागू की गई जीरो वीजन योजना भी सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के आकड़ों में 10 प्रतिशत कमी लाने के लक्ष्य को भी पूरा नहीं कर पाई है। 13 जिलों की 3900 किमी सड़कों में 419 ब्लैक स्पाट, 273 अवैध कट और अंधे मोड़ भी हैं। धार जिले के मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गणपति घाट में तकनीकी कमी पर ध्यान देना आवश्यक है। यहां अधिक दुर्घटनाएं होती हैं। ढलान को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास लंबित योजना को अमल में लाना जरूरी है। अन्य सड़कों पर भी तकनीकी कमी दिखी। देवास जिले में बरझाई और धन तालाब घाट पर सड़कें तो अच्छी हैं, लेकिन यातायात को व्यवस्थित करने तकनीकी संसाधनों का अभाव है। जैसे संकेतक, इमरजेंसी नंबर और स्पीड लिमिट के बोर्ड नहीं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कमियां दूर करनी होंगी। यातायात के विषय में लोगों को जागरूक करना अधिक जरूरी है।

## महिला मतदाताओं का जेंडर रेशियो बढ़ाएगा चुनाव आयोग

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार 18-19 वर्ष के नए युवा मतदाताओं के वोटर कार्ड बनाने और महिला मतदाताओं का जेंडर रेशियो बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश भर के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन जिलों में 18-19 वर्ष की आयु के नए मतदाताओं के आवेदन कम मिले हैं वहां विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही जहां पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है, ऐसे जिलों में जेंडर रेशियो बढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता की मदद ली जाए। यदि लक्ष्य के अनुरूप नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने के आवेदन नहीं आ रहे हैं ।



# कड़ाके की ठंड पर ब्रेक

भोपाल, ईएमएस। उत्तर भारत पर पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद सर्द हवाओं ने मध्य प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी थी। मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस तक आ गया था, लेकिन पिछले दो दिनों से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक राजस्थान पर बने एक प्रतिचक्रवात के कारण रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो रही है। इस वजह से कड़ाके की ठंड पर ब्रेक लग गया है। उधर गुरुवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम सात डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मौसम मुख्यत~ शुष्क रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में किसी पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय नहीं रहने से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी नहीं हो रही है।हालांकि पिछले दिनों हुई बर्फबारी के कारण वहां तापमान काफी कम बना हुआ है। हवा का रुख भी उत्तरी बना हुआ है। इसके बाद भी मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अपेक्षाकृत गिरावट दर्ज नहीं हो रही है। इसकी मुख्य वजह राजस्थान पर एक प्रति चक्रवात का बना रहना है। चक्रवात के कारण उत्तरी हवाएं ग्वालियर तक आने के बाद उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी हो जा रही हैं। इस वजह से ग्वालियर संभाग को छोड़कर प्रदेश के शेष क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने लगी है। प्रति चक्रवात के समाप्त होने के बाद पूरे मध्य प्रदेश में रात के तापमान में एक बार फिर गिरावट शुरू होने लगेगी।

### मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस

## रेलवे ने संत हिरदाराम नगर-भोपाल रेल लाइन के बीच 80 अतिक्रमण हटाए

**भोपाल ईएमएस।** भोपाल रेल मंडल ने संत हिरदाराम नगर और भोपाल रेल लाइन के बीच रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए 80 झुग्गियों और मकानों को गुरुवार को बड़ी कार्रवाई कर तोड़ दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पक्के निर्माणों को हटाने के लिए रेलवे ने जेसीबी सहित अन्य भारी मशीनरी का उपयोग किया और इस दौरान रेलवे कर्मी लोगों से अपना सामान हटाने की अपील करते भी दिखे। इस तरह एक ही दिन में बड़ी कार्रवाई कर मंडल ने सभी अतिक्रमणों को सफलता पूर्वक हटा



दिया। मंडल का यांत्रिकी विभाग पूरे मंडल में रेलवे लाइन के किनारे की भूमि पर बने का अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्यवाही कर रहा है। इसी तारतम्य में 6600 वर्ग मीटर भूमि पर बने अतिक्रमणों को हटा दिया गया, क्योंकि इनके कारण रेल लाइन के पास हादसों का डर बना रहता है। रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान संत हिरदाराम नगर-भोपाल के बीच रेलवे लाइन के किनारे पर 80 अतिक्रमणों को चिन्हित कर इन्हें यहां से हटने के लिए नोटिस दिया था। जब लोगों द्वारा अतिक्रमण हटाने में लापरवाही की गई, तो मंडल ने जिला प्रशासन के सहयोग से इन सभी अतिक्रमणों को हटा दिया। अतिक्रमणकारियों ने रेलवे की भूमि पर 220 मीटर लंबाई और 30 मीटर चौ?ाई में लगभग 6600 वर्ग मीटर भूमि को घेरकर अतिक्रमण कर रखा था। रेलवे द्वारा हटाए अतिक्रमणों में ज्यादातर झुग्गियां हैं। वहीं कुछ लोगों ने ईंट सीमेंट का उपयोग कर पक्की दीवारें उठाकर सीमेंट की चादरें भी डाल दी थीं।डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय ने भोपाल रेल मंडल की सीमा में रेलवे लाइन के आस-पास और अन्य स्थानों पर स्थित रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण कर रह रहे लोगों से अपील की है ।

# बाइक से गिरी छात्रा, कार ने कुचला

## फ्रेंड के साथ रात 1 बजे रूम लौट रही जर्नालिज्म छात्रा पर लपका कुत्ता, अनियंत्रित होकर नीचे गिरी

भोपाल, यशभारत। कमला नगर इलाके में आवारा कुत्ते से बचने जर्नालिज्म छात्रा चलती बाइक से गिर गई। इसी बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया। हादसे में छात्रा को गंभीर चोट लगी है। उसका हमीदिया में उपचार चल रहा है। घटना उस समय हुई जब छात्रा देर रात इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे अपने फ्रेंड के साथ कमला नगर इलाके से कोलार जा रही थी। तभी रास्ते में चलती बाइक पर कुत्ता लपक पड़ा। छात्रा ने कुत्ते से बचने पैरदान से पैर उठाए। तभी वह असंतुलित होकर चलती बाइक से गिर गई। पुलिस के मुताबिक, दानिश कुंज कोलार रोड निवासी 22 वर्षीय शुभांकर सिंह पिता जितेन्द्र प्रताप सिंह एलएनसीटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि 22 नवंबर की रात करीब रात 1 बजे की बात है कि मैं और मेरी रूम पार्टनर सारा आजम मोटरसाइकिल से अपने रूम से अपने दोस्त आशुतोष अग्रवाल को नेहरू नगर छोड़ने उसके रूम पर गया था। आशुतोष को छोड़कर वापस अपने रूम कोलार जा रहा था। शबरी नगर काम्प्लेक्स के पास एक आवारा कुत्ता चलती गाड़ी में उसकी तरफ लपका। यह देख मैंने गाड़ी धीमी कर दिया। सारा ने जैसे ही पैर मोटरसाइकिल के पैरदान से ऊपर उठाए तभी वह असंतुलित होकर नीचे सड़क पर गिर गई। उसी समय पंडित खुशीलाल अस्पताल की तरफ से स्काई ब्लू आसमानी रंग की कार के चालक ने उसे कुचल दिया। कार सारा के ऊपर से गुजर गई। गंभीर हालत में 108 से सारा को जेपी अस्पताल लेकर पहुंचा।

# राजधानन के आधा दर्जन बाजारों में गंदगी व अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी में गुरुवार को बाजारों में गंदगी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। शहर के न्यू मार्केट, जहांगीराबाद, रेलवे स्टेशन और अशोका गार्डन समेत आधा दर्जन से अधिक बाजारों में गंदगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिना किसी सूचना के बाजारों में पहुंची नगर निगम की मोबाइल कोर्ट के सामने दुकानदार कार्रवाई रोकने के लिए इधर-उधर फोन लगाते रहे। लेकिन कार्रवाई चलती रही ।विभिन्न बाजारों के 194 दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 1.89 लाख जुर्माना वसूला गया ।इस कार्रवाई को लेकर न्यू मार्केट व्यापारी संघ भी दो धड़ो में बंट गया। एक पक्ष कार्रवाई रोकना चाहता था, तो दूसरा पक्ष इसके पक्ष में था ।इस दौरान नाराज व्यापारियों ने कार्रवाई नहीं रुकने पर दुकानें बंद करने की चेतावनी भी दी। नगर निगम के मजिस्ट्रेट नितेन्द्र सिंह तोमर की मोबाईल कोर्ट गुरुवार सुबह न्यू मार्केट पहुंची। यहां दुकान के बाहर तक अतिक्रमण करने और गंदगी फैलाने वालों के साथ पालीथनि का उपयोग व विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके बाद जहांगीराबाद के शाकिर अली मार्केट, रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म क्रमांक एक की ओर और अशोका गार्डन में परिहार चौराहा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले तथा दुकानों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थलों व मार्गों पर अतिक्रमण कर आवागमन को बाधित करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाई की गई। इस दौरान 185 दुकानों में कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। जबकि नौ दुकानदारों ने मौके पर अर्थदण्ड जमा नहीं किया।

# वन विहार प्रबंधन ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ाई सख्ती

**भोपाल ,यशभारत। बालीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन द्वारा वन विहार नेशनल पार्क में कुछ शरारती पर्यटकों द्वारा बाघ को पत्थर मारने का वीडियो शेयर किए जाने के बाद पार्क प्रबंधन वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। इसी क्रम में पार्क के भीतर अब पर्यटकों के लिए वाहन से घूमने की गतिसीमा भी तय कर दी गई है। अब तेज गति से गाड़ी चलाने पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई हो सकती है।**



## रवीना ने कहा धन्यवाद

प्रबंधन ने उद्यान के दोनों प्रवेश द्वार पर ही वाहन चालकों को अपने वाहन की गति 20 किमी प्रति घंटा से कम रखने की निर्देश देना शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रीय उद्यान के अंदर जाते ही 15 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी छह किमी के रास्ते पर नियमों का पालन करवाने के लिए खड़े हो गए हैं। इसके अलावा वन विहार का गश्ती वाहन भी लगातार घूम कर पर्यटकों पर कड़ी नजर रखे हुए है। इस दौरान जो लोग नियमों का पालन करते हुए नहीं दिख रहे, उन पर जुर्माना भी किया जा रहा है। प्रबंधन ने यह सख्ती फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन के ट्वीट के बाद की है। वहीं रवीना ने भी पार्क के भीतर विडाल प्रजाति (बड़ी बिल्लियों) के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रति शुक्रिया अदा किया है। वन विहार प्रबंधन ने रवीना के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रबंधन पहले से ही इस घटना की जांच कर रहा है और इन बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संरक्षित प्रजातियों को इस तरह से परेशान करना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है। वन विहार के इस ट्वीट का जवाब देते हुए रवीना ने कहा कि वन विहार का शुक्रिया। वन्यप्राणियों के संरक्षण और विडाल प्रजातियों को बचाने के लिए आप अद्भुत काम कर रहे हैं। हालांकि कुछ बदमाश ऐसी हरकतों से वन्यजीव प्रेमियों के अनुभवों को खराब करते हैं। यह वीडियो मेरी टीम और मेरी बेटी द्वारा बनाया गया था, जो पार्क घूमने आए थे। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए थोड़ी और सावधानी बरतनी चाहिए।

### नियमित प्रक्रिया है सुरक्षा व्यवस्था का पालन

वन विहार पार्क के असिस्टेंट डायरेक्टर एके सिन्हा के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना एक नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि वन विहार में वन्य प्राणियों को छेड़ने, उनके बाड़े के आसपास शोरशराबा करने, जानवरों को कुछ खिलाने और वाहन की गति 20 किमी प्रतिघंटा से तेज रखना प्रतिबंधित है। इन नियमों को तोड़ने पर जुर्माना किया जाता है।

# कलचुरी महासभा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नि :शुल्क युवक युवती परिचय सम्मेलन 27 को

**गोटेगांव, यशभारत। श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज इकाई गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में आगामी 27 नवंबर 2022 दिन रविवार को प्रात: 11:00 से अखिल भारतीय निशुल्क युवक युवती परिचय सम्मेलन निशुल्क कलचुरी सामूहिक विवाह कल्याणी विधुर पुनर्विवाह निराश्रित कन्याओं के विवाह का आयोजन स्थानीय प्रखर गार्डन में किया गया है।**

**अनेक फिल्म हस्तियां शामिल होंगी**



इस भव्य आयोजन हेतु आयोजन समिति द्वारा तैयारियां जोर शोर से की जा रही कार्यक्रम में देश के जाने-माने राजनैतिक सामाजिक संगठनों के जनप्रतिनिधियों के साथ ही फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की सूचना प्राप्त हुई है जिसमें मुंबई के जाने-माने फिल्म , डायरेक्टर मुकेश आरके चौकसे 16 बायोपिक फिल्मो का निर्माण किया है 14 फिल्मे रिलीज की है नाना पाटेकर, पूर्णिमा, जूही चावला, अमोल गुप्ते 6 तारे जमीन पर 8 को मौका दिया है सिल्वर जुबली फ़िल्म टांटिया भील, भीमा नायक, डाकू मलखान सिंह, यंग द पावर फूल ब्लड, सबसे जुदा हो तुम फिल्मे बनाई है अभी हाल ही मे महाराष्ट्र राज्य पाल श्री भगत सिंह कोशियारी जी ने बेस्ट एक्टर, डाइरेक्टर का एवार्ड दिया है मध्यप्रदेश सरकार ने भी सम्मान किया है भगवान श्री राजराजेश्वर साहस्त्रबाहुर्जुन जी पर 2 घंटे 15 मिनिट की फ़िल्म और 200 एपिसोड का धारावाहिक का निर्माण कर रहे साऊथ, बॉलीबुड के नामी कलाकारों को लेकर सुमन तलवार 6 शिवाजी द बॉस रजनीकांत के साथ, गब्बर इस बेक अक्षय कुमार के साथ, टंट्या भील 2 नितिन चौकसे 8, साऊथ, बॉलीबुड अभिनेत्री सुश्री प्रीती ? चौकसे, शक्ति कपूर, रंजीत, शिवा राजकुमार नितिन चौकसे को लिया है आरती, चालीसा, मन्त्र, स्त्रोत्र सुरेश वाडकर, अनूप जलोटा, नेहा कक्कर, कविता कृष्णमूर्ति की आवाज मे रिकाडिंग किये है संगीत दिलीप सेन, अनूप जलोटा, नसराज घिमरे का है मेरे दादा जी 6 मुकेश आरके चौकसे 8,गीतकार ब्रह्मलीन श्री खच्चू राम चौकसे जी ने 1955 मे पूरी कथा, पटकथा, सवाद, आरती, चालीसा लिखें थे कुछ सुधार किया सूरज नागर, मुकेश आरके चौकसे सहित अनेक फिल्मी हस्तियां पधार रही है कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन समिति द्वारा किए गए हैं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने की संभावना हैआगंतुकों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए समिति ने चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की है समस्त कलचुरी समाज एवं सर्व धर्म जनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने की अपील कलचुरी समाज के प्रदेश सचिव श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा व जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर एवं सम्मेलन प्रभारी गोटेगांव पंकज चौकसे सहित समस्त कलचुरी महासभा इकाई गोटेगांव इकाई ने की है।



# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड शाहपुरा की विकास खंड स्तरीय बैठक संपन्न

**जबलपुर, यशभारत।** जनपद पंचायत सभागार में विकास खण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संभाग समन्वयक श्री रवि बर्मन जी जिला समन्वयक श्री प्रदीप* तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों जिनमें नशा मुक्ति कार्यक्रम ,जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छता कार्यक्रम ,नव भारत साक्षरता अभियान ,आयुष्मान कार्ड निर्माण आदि पर विस्तार से चर्चा की गई ,इसके साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तर पर जन जागरण अभियान चलाने पर जोर दिया गया।बैठक में प्रदीप तिवारी जिला समन्वयक द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अपने आप कार्य क्षेत्र में स्वयं के साथ परिषद एवं शासन की योजनाओं एवं मुख्यमंत्री जी के लिए स्वर्णिम मध्यप्रदेश अभियान में जन भागीदारी बढ़ाने एवं सामुदायिक सहयोग से गतिविधियों के संचालन में जोर दिया गया। इसके साथ ही समिति के अध्यक्ष सचिव की व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिये। इसके लिए उन्होंने उदाहरण सहित व्याख्या की ।बैठक में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, परामर्शदाता प्रस्फुटन समिति सदस्य, आदि उपस्थित रहे। बैठक के अंत मे संभाग समन्वयक रवि वर्मन द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।बैठक का संचालन विकासखंड समन्वयक विनायक एवं आभार नवांकुर संस्था प्रयास के संदेश शुक्ल ने किया।

## यूनिवर्सल विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में भव्य वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम व हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाया गया वार्षिकोत्सव हेतु विद्यालय प्रांगण को सुंदर आकर्षक लाइटिंग एवं रंग-बिरंगे मनमोहक फूलों से सुसज्जित कर सजाने पर चांदनी रात में विद्यालय परिसर की साज-सज्जा की चमक अद्भुत छटा बिखेर रही थी सर्व प्रथम विद्यालय के संस्थापक अरविंद पटेल सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती मैयाजी का पूजन अर्चन किए जाने के रंग बिरंगे परिधानों मे सजे नन्हें-नन्हें बच्चों एवं छात्रछात्राओं ने बड़े उत्साहपूर्वक जोश और ऊर्जा के साथ मनमोहक आकर्षक प्रस्तुतियों देकर उपस्थित दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया ।

# ऑपरेशन अमानत गाड़ी में छूटा बैग आरपीएफ ने यात्रियों को सुपुर्द किया



**जबलपुर, यशभारत ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा रेलवे संपत्ति, रेल परिसर, यात्रियों और उससे जुड़े मामलों की सुरक्षा की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीसों घंटे सतत कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ''ऑपरेशन अमानत'' अभियान के तहत रेलगाड़ियों में छूटे सामानों को सुपुर्द किया है। जबलपुर मंडल के पोस्ट नरसिंहपुर*पर दिनांक 23.11.2022 को रेल सुरक्षा बल पोस्ट जबलपुर ने सूचना दी कि गाड़ी क्रमांक 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस के वातानुकूलित ए 1 कोच में एक महिला यात्री जो की बिलासपुर से जबलपुर की यात्रा के दौरान जबलपुर स्टेशन पर उतरते समय लेडीस बैग छूट गया है जिसे उतारने का निवेदन किया गया। उक्त सूचना पर ऑन ड्यूटी रेल सुरक्षा बल आउट पोस्ट नरसिंहपुर प्रधान आरक्षक रामचंद्र यादव द्वारा उक्त गाड़ी को अटेंड कर लेडीस बैग के संबंध में अन्य यात्रियों से पूछने पर किसी ने अपना होना नहीं बताया जिसे उतारकर रेल सुरक्षा बल द्वारा पोस्ट नरसिंहपुर लाया गया और उक्त महिला को बैग मिलने की सूचना दी गई। सुचना के उपरांत महिला आरपीएफ पोस्ट पर उपस्थित होकर अपना नाम अपूर्वा मेश्राम, निवासी-न्यू बैंक कॉलोनी, मोहन नगर, छिंदवाड़ा द्वारा अपना परिचय पत्र के रूप में आधार कार्ड एवं यात्रा टिकट पेश किया तथा उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जल्दवाजी में उतर गई और बैग छूट गया। बैग में रखे 2200/-रुपए नगद व दस्तावेजों साथ आर्टिफिशियल ज्वेलरी को देखकर सही पाया जिसे दो गवाहों के समक्ष सुपुर्द किया गया महिला द्वारा बैग की कीमत लगभग रूपये 5000/- बताया। जबलपुर मण्डल के पोस्ट मैहर परसहायक उप निरीक्षिक, प्रधान आरक्षक द्वारा हेल्पलाइन 139 की सूचना मिलने पर कि गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा रीवांचल एक्सप्रेस के कोच बी-1 सीट नं. 14 मे एक यात्री का एक थैला छूट गया है। ट्रेन मैहर स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर आगमन पर सहायक उप निरीक्षिक, प्रधान आरक्षक नें अटैंड कर बैग को उक्त ट्रेन से उतार कर रेसुब पोस्ट मैहर आकर उक्त बैग की सूचना हेल्पलाइन नंबर 139 में दिया। यात्री के मैहर पोस्ट उपस्थित होने पर अपना नाम पियूष द्विवेदी, पिता बद्री प्रसाद, उम्र 28 वर्ष, निवासी 254 कोनिया कला, जिला रीवा (म प्र) और बताया की गाड़ी संख्या 12185 रीवांचल एक्सप्रेस मे कोच बी-1 सीट नं. 14 मे रानी कमलापती से कटनी मुड़वारा की टिकट लेकर यात्रा कर रहा था।

# चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 4300 कोचों/वैगनों से अधिक का ओवरहॉलिंग

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा कोचों और वैगनों का रूटीन ओवर हॉलिंग करके अधिक से अधिक पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न किया जा रहा है। पमरे के अनुरक्षण डिपों में इस वित्तीय वर्ष के छमाही में लक्ष्य से अधिक कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया गया है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा *अप्रैल से अक्टूबर माह तक सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 4311 कोचों/वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग आउटटर्न*किया। जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 700 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वर्कशॉप ने 3611 वैगनों की मरम्मत करके आउटटर्न किया है। अकेले *अक्टूबर माह की बात करे तो सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 619 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग आउटटर्न किया। जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 92 कोचों का अनुरक्षण किया और कोटा वर्कशॉप ने 527 वैगनों की मरम्मत करके आउटटर्न किया है। वैगनों का पीओएच (पिरियोडीक ओवर हॉलिंग) 04/06 वर्ष में एक बार किया जाता है, तथा कोचों का पीओएच 12 से 18 महीनों में एक बार किया जाता है। सीआरडब्लूएस भोपाल कोचों का पीओएच और डब्ल्यूआरएस कोटा वैगनों का पीओएच करती है।

# प्रादेशिक बैठक में शामिल हुए शिक्षक संघ के पदाधिकारी

**सिहोरा, यशभारत।** पुराने शिक्षक संवर्ग की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 19 नया बसेरा इंदौर में समग्र शिक्षक संघ द्वारा प्रदेशव्यापी बैठक का आयोजन किया जिसमें सिहोरा से भी अनेक पदाधिकारीयों ने हिस्सा लिया। संघ के प्रांतीय सचिव राकेश पाठक ने बताया कि इसमें विभिन्न जिलों से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने राज्य शासन के द्वारा पुराने शिक्षक संवर्ग के प्रति अपनाई जा रही उपेक्षापूर्ण नीति पर जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया ।



शिक्षक प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में पुराने शिक्षक संवर्ग के शिक्षको के साथ राज्य शासन के द्वारा गहरी उपेक्षा की जा रही है शिक्षक लंबे समय से वेतन विसंगति व क्रमोन्नत योजना की विसंगति से जूझ रहे हैं प्रदेश में निरंतर सेवानिवृत हो रहे शिक्षक अर्जित अवकाश और नगदीकरण के लाभ से वंचित है धारा 49 के फेर में सेवानिवृत्त शिक्षकों को डी आर का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, दिवंगत शिक्षकों के परिजन अनुकंपा के लिए दर दर भटकने को विवश है,शिक्षक 4 साल से प्रतावित कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ से वंचित है,25 से 40 साल की सेवा के बावजूद पुराने संवर्ग के शिक्षक बिना पदोन्नति के निरंतर सेवानिवृत होने को विवश हैं अपने उदबोधन मैं प्रांतीय महामंत्री जे पी शुक्ल ने कहा की प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने पिछले 5 साल पहले प्रमोशन से वंचित शिक्षकों को पदोन्नति के एवज में प्राप्त वेतन और योग्यता अनुसार पदोन्नति का पदनाम देने की घोषणा की थी, जिस पर कोई वित्तीय भार नहीं था लेकिन राज्य शासन के अधिकारियों के द्वारा गुमराह किए किए जाने के चलते मुख्यमंत्री की घोषणा महज घोषणा बनकर रह गई न शिक्षकों को पदनाम मिला ना पदोन्नति,जबकि उच्च स्तर पर निरंतर पदोन्नति जारी है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कटनी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने आगे की रणनीति के बारे में विस्तार से बताया।बैठक में चरणबद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए आमसहमति बनाने के लिए 27 नवंबर को प्रदेश के प्रत्येक जिले में बैठक आयोजित होगी समग्र शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल आंदोलन के पूर्व इस संबंध में मंत्री एंव मुख्यमंत्री से एक बार फिर भेंट करेंगा7 इस अवसर पर लायन अरुण कुमार सोनी,प्रांतीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश समग्र शिक्षक संगठन एसके कुरैशी, मुरारीलाल सोनी, सत्यनारायण शर्मा,प्रमोद वैष्णव, नरेंद्र चौहान,रामचंद्र जाट,अनुरुद्ध शुक्ला,संजय तिवारी शामिल रहे संचालन कटनी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी ने किया।

## सरस्वती विद्यालय में गणवेश प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा प्रथम से पंचम क्लास तक के भैया बहनों की गणवेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती मैयाजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित करने के उपरांत प्राथमिक कक्षा के उपस्थिति 641 भैयाबहनों सहित सभी भैयाबहन पूर्ण गणवेश पर उपस्थित होकर अनुकरणीय उदाहरण पेश किए जाने पर प्राचार्य कमलेशजी तिवारी ने सभी भैया बहनों की अनुशासनता देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर प्रधानाचार्य नर्मदागुप्ता संजयजैन किशोरशुक्ला मायाचौरसिया अंजना दीक्षित संगीताजैन सहित समस्त विद्यालय परिवारजनों व भैया बहनों का योगदान सराहनीय रहा।

# ईशा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**सिहोरा, यशभारत।** प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती यह सिद्व कर दिया ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी स्कूल की छात्रा ने एकीकृत शासकीय हाई स्कूल गुनहरु मोहसाम की छात्रा ईशा काछी ने इंस्पायर योजना में शानदार विज्ञान माडल प्रस्तुत कर अपना नाम राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए सुरक्षित कर लिया है? स्कूली विद्यार्थियों में छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा को नेशनल लेवल पर पहचान देने के लिए इंस्पायर अवार्ड की प्रक्रिया शुरू गई है। इसकी जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर मॉडल हाई स्कूल मे किया गया था । उल्लेखनीय है कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग,नई दिल्ली द्वारा बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के इंस्पायर अवार्ड का आयोजन हर साल किया जाता है। जिसमें चरण दर चरण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। सर्वप्रथम जिला स्तर पर स्कूली बच्चों के मॉडल की प्रदर्शनी लगा कर सर्वश्रेष्ठ दस प्रतिशत मॉडलों का चयन किया जाता है। सभी जिलों से चयनित मॉडलों के बीच राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाती और फिर राज्य स्तर से चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक मॉडल्स बनाकर प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय शाला की कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्रा ईशा पिता कमलेश काछी ने प्रभारी प्राचार्य प्रीति चौहान विज्ञान शिक्षक सपना गोतम अनमोल राय के मार्गदर्शन में बनाया माडल प्रस्तुत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना नाम सुनिश्चित किया।

# रेडक्लिफ लैब्स ने जबलपुर, मध्य प्रदेश में अपनी नई अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब शुरू की

**जबलपुर, यशभारत।** रेडक्लिफ लैब्स, भारत की सबसे तेजी से बढ़ती डायग्नोस्टिक्स सेवा प्रदाता, ने हाल ही में नेपियर टाउन, फर्स्ट फ्लोर, गुलाटी प्लाजा, भवरताल गार्डन के पास स्थित जबलपुर में अपनी नई लैब लॉन्च की है। रेडक्लिफ लैब्स की शहर में खुली इस नई लैब की अत्याधुनिक मेडिकल डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सर्विसेज के साथ शहर और आसपास के जिलों के निवासियों को अपने विभिन्न तरह के टेस्ट करवाने की सुविधा प्राप्त होगी।1740 वर्ग फीट में फैली नई अत्याधुनिक लैब, अत्यधिक कुशल और योग्य मेडिकल टीम है, जिसकी देखरेख एक एमडी पैथोलॉजिस्ट करते हैं। यह सैटेलाइट लैब अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों से लैस है, जो उच्चतम स्तर की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। लैब द्वारा सैंपल मिलने के 24 घंटे के भीतर सभी डायग्नोस्टिक टेस्ट रिपोर्ट भेज दी जाती है। तय टीएटी के भीतर नमूनों के सटीक डायग्नोसिस के लिए लैब कड़े गुणवत्ता प्रोटोकॉल का पालन करती है। इसके अलावा, रेडक्लिफ लैब्स होम कलेक्शन की सुविधा भी दे रही है, साथ ही ये भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी सैंपल उचित समय के भीतर अच्छी तरह से एकत्र किए जाते हैं और उसके बाद सटीक परिणाम मिलते हैं। लैब में बायोकैमिस्ट्री, क्लिनिकल, हेमेटोलॉजी, हार्मोन इत्यादि सहित सभी क्लिनिकल लैबोरेट्री विभाग भी हैं, और इनमें सैंपल स्वीकार किए जा रहे हैं। लैब में आने वाले ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है क्योंकि रेडक्लिफ लैब्स अपनी गुणवत्तापूर्ण क्लीनिकल नैदानिक सेवाओं के लिए जानी जाती हैं।

# पमरे ने 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ 29.54 मिलियन टन माल लदान किया



***जबलपुर यशभारत*** पश्चिम मध्य रेल ने गतवर्ष की तुलना में इस साल गुड्स लोडिंग में वृद्धि दर्ज की है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में और वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग एवं बीडीयू टीम के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष *अप्रैल से अक्टूबर 2022 तक 29.54 मिलियन टन माल लदान किया जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में की गई लोडिंग 25.69 मिलियन टन की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि हर महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो पाएंगे कि *अप्रैल माह में 4.34 मिलियन टन, मई में 4.64 मिलियन टन, जून में 4.31 मिलियन टन, जुलाई में 4.28 मिलियन टन, अगस्त में 4.11 मिलियन टन, सितम्बर माह में 4.16 मिलियन टन तथा अक्टूबर 3.73 मिलियन टन माल लदान *किया गया। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल पर माल यातायात में कमोडिटी वाइज लोडिंग में मुख्यत: 12 सामग्रियों का लादान किया जाता है, जिसमें 28 प्रतिशत सीमेंट, 16 प्रतिशत क्लिंकर, 9 प्रतिशत कोयला, 14 प्रतिशत खाद तथा 15 प्रतिशत खाद्यान्न की हिस्सेदारी रहती है, जो कि पमरे के माल यातायात का कुल 82 प्रतिशत होता है। पमरे पर माल लादान के लिए 120 से भी अधिक गुड्स शेड एवं साइडिंग्स हैं।माल यातायात बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं:-फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित की गई हैं। इसके तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल व्यापारियों के साथ निरंतर बैठकें की जाती हैं मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किये जा रहे हैं।गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गई । पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और आगे भी जारी रखेगा/

# जनसुनवाई मे समस्या का समाधान होने पर नागरिकों के खुशी से खिले चेहरे

## युवानेता मोनूपटेल की जनसुनवाई प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में व्याप्त है हर्ष

गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय नगर देवता श्रीदेव ठाकुर बाबामंदिर के पास स्थित एसआरजी कार्यालय में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री मा.प्रहलादसिंहपटेल की प्रेरणा एवं पूर्व राज्यमंत्री नरसिंहपुर विधायक मा. जालमसिंहपटेल के मार्ग दर्शन में युवाओं के चहेते हर दिल अजीज दीनदुखियों के हमदर्द हर समस्या का तत्पर रहकर समाधान करने वाले समाजसेवी युवानेता मणिनागेंद्रसिंह मोनूपटेल के द्वारा गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के रहवासियों को होने वाली समस्याओं के समाधान विभिन्न विभागों में लंबे अरसे से पड़े हुए लंबित कार्यों में हो रहीपरेशानियों से निजात दिलाने के साथसाथ शासन द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी हितकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य एक सार्थक पहल के रूप में प्रत्येक सप्ताह में गुरुवार के दिन जनसुनवाई करने का निर्णय लिया है ताकि क्षेत्रीयजनों को हो रही परेशानियों व समस्याओं से निजात दिलाई जा सके इसी तारतम्य में जनसुनवाई के प्रथम दिवस समस्याओं से पीड़ित नागरिक व हितग्राहियों के लगभग 100 मामलों का तत्काल प्रभाव से निराकरण किए जाने पर परेशानियों से जूझ रहे नागरिकों के खुशी से चेहरे खिल उठे उन्होंने युवानेता को दुआएं देकर सदा ऐसे ही जनहित के कार्य कर करते रहने के लिए साधुवाद प्रेषित किया



ज्ञात होवेकि आमनागरिकों व हितग्राहियों द्वारा बिजलीबिल सामाजिक सुरक्षापेंशन कर्मकांडमंडल मजदूरीकार्ड पट्टा राष्ट्रीय परिवारसहायता राशनकार्ड पेशन आवासयोजना से संबंधी शिकायतों के साथसाथ तहसील कार्यालय मे राजस्व संबंधी मामले के अलावा जनपदपंचायत कार्यालय मे लंबित प्रकरणों से जूझ रहे आमनागरिक व हितग्राही की शिकायत लेकर पहुंचने पर उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल किया गया आज 24 नवबंर गुरूवार को जनसुनवाई में 283 आवेदन प्राप्त होने पर आवेदकों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए गंभीरता के साथ युवानेता मणिनागेंद्रसिंह मोनूपटेल ने सभी आवेदनों का निराकरण करने के लिए जनसुनवाई में मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को आवेदनो में प्राप्त समस्याओं की संबंधी जानकारियां हल निकाल कर शीघ्र कार्यवाही कर उनका समाधान तत्परता से करने के लिए कहा इस संबंध में युवानेता मोनूपटेल ने बताया कि जनता जनार्दन की समस्याओं का निराकरण करने के लिए हम हमेशा उनके साथ हैं आगामी जनसुनवाई 01दिसंबर गुरुवार को एसआरजी ऑफिस में सुबह10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जावेगी इस अवसर पर नगरपालिकाअध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर जनपदअध्यक्ष प्रतिनिधि सतीशपटेल,पार्षद प्रतिनिधि दीपकसोनी राजूराजपूत राजेंद्रराय सचिन पाठक राजा जैन मोनूशर्मा अर्जुन मालगुजार दुल्लीचंद विश्वकर्मा पं.जितेन्द्रचौबे मुकेश चौकसे सतीश अग्रवाल अभिषेक पटेल नगरपालिका इंजीनियर सौहार्द्रमात्रे चंदनसिंह सुनील भनारे बल्ला वीरेंद्र पटेल वीरू तिवारी नीरजसराफ पत्रकार राहुल खेमरिया सीताराम रजक राहुल पाटकर किशनपटेल योगेन्द्रपटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता हितग्राही आमनागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सारेगामा ने प्री-लोडेड गानों के साथ अब तक का पहला कीपैड फोन लॉन्च किया



एजेंसी। कारवां के साथ विभिन्न उद्योग मानदंडों को तोड़ने के बाद, सारेगामा ने कारवां मोबाइल लॉन्च किया है जो एक उपयोगिता-आधारित उत्पाद है जो न केवल कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करता है बल्कि साथ ही प्री-लोडेड गानों की एक अतिरिक्त सु अनसुना है कीपैड फोन बाजार कारवां मोबाइल अब तक का पहला कीपैड मोबाइल है जिसमें प्री-लोडेड गाने, शक्तिशाली स्पीकर, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, डुअल सिम, एफएम, शक्तिशाली एलईडी टॉर्च और कई अन्य विशेषताएं हैं। जिस तरह कारवां ने प्री-लोडेड गानों के साथ अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक लीन-बैक सुनने का अनुभव बहाल किया, उसी तरह कारवां मोबाइल का लक्ष्य चलते-फिरते भी ऐसा ही करना है। यह उन सभी उपयोगकर्ताओं के लिए एक मोबाइल है जो अभी भी कीपैड फोन के अनुभव की कसम खाते हैं।

### पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

# मेजबान रादुविवि, जोधपुर, कच्छ की टीमों की धाकड़ शुरूआत





फोटो: अशोक बर्मन

**जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता आज रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय खेल परिसर और श्री जानकीरमण महाविद्यालय के कोर्ट में शुरू हुई । विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता कस शुभारंभ उच्चशिक्षा मंत्री मोहन यादव ने केंट विधानसभा क्षेत्र विधायक अशोक रोहाणी, कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर बी. महापात्रा,कुल सचिव प्रो ब्रजेश सिंह , रादुविवि शारीरिक शिक्षण विभाग निदेशक प्रो. विशाल बन्ने की उपस्थिति में किया।**

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे खिलाड़ी भावना के साथ खेलें। विश्वविद्यालय में खेल गए प्रारंभिक मुकाबले में मेजबान रादुविवि ने गुजरात को 50 से 22 अंकों से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की । जबकि जानकी रमण कालेज में खेले गए मुकाबलों में जोधपुर ने गोवा को, कच्छ ने एलजेएस केविवि को और जेएनवीवी ने सीईएस को हराकर कर जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में 5 राज्यों के सौ विश्वविद्यालय सहभागिता कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता के पूल सी एवं पूल डी च्च के के अंतर्गत 50 विश्वविद्यालयों के मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, राजस्थान के 100 विश्वविद्यालयों खिलाड़ी शामिल होकर 4 पूलों में बंटकर खिताब के लिए एक-दूसरे के खिलाफ अपना दम-खम दिखाएंगे। यह जबलपुर के लिए ऐतिहासिक टूर्नामेंट है।

#### ये हैं निर्णायक

प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व जे सी शर्मा, शानू यादव, समद खान, पुष्पा रघुवंशी, ब्रजेश बाघोरा, पतिराज सिंह, गुलबहार खान, लक्ष्मण गीते, हाजरात, दिनेश तिवारी, अशोक पांडे, पुष्पेन्द्र पांडे, परमू यादव, मंजीत सांमल, मिथलेश चतुर्वेदी, सुनील ताम्रकार निभा रहे हैं।





# मॉर्डन नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी बताया कौन जीतेगा फीफा विश्व कप 2022 का खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2022 को शुरू हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं कि इसे लेकर कई तरह भविष्यवाणियों का दौर शुरू हो चुका है। ऐसी ही एक भविष्यवाणी 36 साल के एथोस सैलोम ने किया है, जिन्होंने मॉर्डन नास्त्रेदमस भी कहा जा रहा है। एथोस सैलोम ने हाल के कुछ सालों में जो भविष्यवाणियां की वह बिल्कुल सही हुई है जिसमें कोरोना महामारी, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय का निधन शामिल है। इसके बाद ब्राजील का यह च्मॉर्डन नास्त्रेदमसज्फीफा विश्व कप को लेकर अब चर्चा में हैं। एथोस सैलोम से कई मौके पर फीफा विश्व कप को लेकर सवाल पूछा गया था लेकिन वह इस पर खामोश थे। हालांकि एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए फुटबॉल के इस बड़े इवेंट को लेकर चौंकाने वाला प्रेडिक्शन किया है। एथोस सैलोम ने अपनी भविष्यवाणी में बताया है कि कतर में खेले जाने वाले विश्व में कौन सी पांच टीमें फाइनल के रेस में है। इन पांच टीमों में अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, बेल्जियम और इंग्लैंड का नाम शामिल है। हालांकि सालोमे का मानना है कि फीफा विश्व कप का फाइनल मैच लियोनल मेसी और कायलिन एमबापे की टीम के बीच खिताबी भिड़ंत होगा। सिर्फ इतना ही उन्होंने कहा है कि कतर फीफा विश्व कप के दौरान कोविड-19 के संक्रमण भी बढ़ सकता है जिसके कारण टूर्नामेंट में संशोधन भी किया जा सकता है।

#### अर्जेंटीना को पहले मैच में ही मिली है हार

हालांकि मॉर्डन नास्त्रेदमस ने जरूर अपनी भविष्यवाणी में कहा है कि मेसी की टीम अर्जेंटीना फाइनल तक पहुंचेगी लेकिन टूर्नामेंट के पहले ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। सऊदी अरब के खिलाफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हार झेलना पड़ा है। इस मैच में जरूर मेसी ने अर्जेंटीना के लिए गोल किया लेकिन इसके बाद पूरे मैच में वह सऊदी अरब के खिलाड़ियों को रोकने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में उन्होंने जो भविष्यवाणी की है उससे तो यह साफ लग रहा है कि अगर अर्जेंटीना को फाइनल तक पहुंचना है तो उसे आगे के अपने सभी मैचों में जीत दर्ज करना करना पड़ेगा।



# एक बीयर12 पाउंड में मिल रही फाइनल के दिन बिकेगी सबसे महंगी बोतल

**दोहा, एजेंसी।** कतर में जारी फीफा वर्ल्ड कप में दुनियाभर के फैंस फुटबॉल का मजा उठाने पहुंचे हैं। अलग-अलग पाबंदियों ने इस टूर्नामेंट का मजा फीका कर दिया है। फैंस सबसे ज्यादा बीयर मिस कर रहे हैं। स्टेडियम के भीतर अल्कोहल पूरी तरह बैन है। ऐसे में शराब के शौकीनों को भारी दिक्कत हो रही है। फीफा द्वारा निर्धारित फैन फेस्टिवल में बीयर खरीदने के लिए लंबी लाइन देखी जा सकती है। बीयर की कीमतें आसमां छू रही है।

#### कितने की मिल रही है एक बीयर?

फीफा का बडवाइजर से पुराना नाता है। दोनों के बीच 80 के दशक से कॉन्ट्रैक्ट है। ऐसे में कतर वर्ल्ड कप में सिर्फ बडवाइजर बीयर ही मिल रही है। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक एक बीयर के लिए 12 पाउंड यानी 1185 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। बीयर की बिक्री स्टेडियम में एंट्री से कुछ मिनट पहले ही शुरू होती है, ऐसे में फैंस के बीच धक्कामुक्की और फैन जोन में अफरा-तफरी मचना आम है। उपयोगकर्ताओं का दावा! रोजाना कपिवा गेट स्लिम जूस लेने से 10 किलो वजन कम करने में मदद मिली

#### फाइनल में मिलेगी 25 लाख की एक बीयर

18 दिसंबर को फाइनल की रात दोहा में होटल ले रॉयल मेरिडियन में खास इंतजाम है। डीजे जैजी जैफ यहां परफॉर्म करेंगे, उन्हें देखने के लिए 15 मेहमानों की कीमत 12,121 लगभग 12 लाख रुपये है। इन दिन एक बीयर की कीमत 26 हजार पॉन्ड यानी 25,70,731.8 रुपये है। दोहा के एक ब्रिटिश बार में बीयर सबसे सस्ती मिल रही है। रेड लायन के मालिक जेम्स बेली, 40.30 पाउंड में छह पिंट ड्राफ्ट बीयर का ऑफर चला रहे हैं।

# शॉर्ट ड्रेस पहनने पर ट्रोल हो गई पाकिस्तानी अभिनेत्री, यूजर्स ने याद दिलाया धर्म



नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तानी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस अनमोल बलोच अभिनय के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा करती रहती हैं। हालांकि ज्यादातर उन्हें एथनिक कपड़ों में ही देखा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने वन पीस शॉर्ट्स में कुछ तस्वीरें शेयर की है, लेकिन उन्हें इसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है और यूजर्स उन्हें काफी भला बुरा कहते नजर आ रहे हैं। अनमोल बलोच ने अपने इंस्टाग्राम से जो लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वह मजेंटा कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने लुक को कंप्लीट करने के लिए साथ में मैचिंग ब्लेजर और ब्लैक एंड व्हाइट शूज को टीमअप किया है। न्यूड मेकअप और खुले स्ट्रेट हेयर में एक्ट्रेस स्टनिंग लुक में नजर आ रही हैं। हालांकि शायद यूजर्स को उनका ये लुक रास नहीं आ रहा है और कई लोग उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करते दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें देखने के बाद एक यूजर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा- च्अल्लाह आपको हिदायत देज। इसी तरह से दूसरे ने लिखा- च्अफसोस है आपके ड्रेसिंग पर...हम मुसलमान उनके उमाती हैं, जिनकी बेटी का एक बाल नजर आया था और सूरज नहीं निकला थाज्। इसी तरह से अन्य यूजर्स भी अपनी अलग-अलग प्रतिक्रिया देते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि अनमोल बलोच एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था और साल 2016 में छोटे पर्दे के सीरियल कमबख्त तन्नो से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हालांकि उन्हें उनके शो च्कुरबतेंज के लिए पहचाना जाता है।

# सनी देओल की चुप रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट अब ओटीटी पर होगी स्ट्रीम




**मुंबई, ईएमएस। सनी देओल की फिल्म चुप रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट अपनी सिनेमाघर रिलीज के लंबे समय के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज होने जा रही है। इस साइको थ्रिलर क्राइम फिल्म में सनी देओल को एक बार फिर एक्शन अवतार में देखा गया था। डॉ. जयंतीलाल गड़ा के पेन स्टूडियो, गौरी शिंदे, राकेश झुनझुनवाला और अनिल नायडू के होम प्रोडक्शन द्वारा निर्मित व आर बाल्की द्वारा निर्देशित फिल्म चुप में सनी देओल के अलावा दुलकर सलमान और श्रेया धनवंतरी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिलहाल इसके डिजिटल प्रीमियर की तारीख की घोषणा भी कर दी गई है।**

गुरु दत्त को श्रद्धांजलि देती हुई चुप-रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट फिल्म समीक्षकों को निशाना बनाने वाले एक मनोरोगी हत्यारे की कहानी है। फिल्म एक तेज-तर्रार थ्रिलर है जो क्रिटिसिज्म के एथिक्स पर कई सवाल उठाती है। क्या कुछ लोगों की राय से एक कलाकार का भाग्य तय हो सकता है? और दूसरी ओर, क्या कला का अस्तित्व और विकास बिना समालोचना के हो सकता है? चुप-रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट एक अनोखी कहानी है। चुप-रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट को दर्शकों के लिए ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर रिलीज किया जाएगा। इसका वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर 25 नवंबर 2022 को किया जाएगा, यानी इस दिन से यह फिल्म आप जी5 पर देख सकेंगे। यह फिल्म 190 से ज्यादा देशों के दर्शकों के लिए पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। अभिनेता सनी देओल ने इस बारे में बात करते हुए कहा- च्आईजी अरविंद माथुर का किरदार निभाना एक शानदार अनुभव था, यह एक पहेली को सुलझाने जैसा था, फिल्म अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगी और मैं दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करता हूं।ज्ज वहीं दुलकर सलमान का इस बारे में कहना है कि एक सीरियल किलर डैनी की भूमिका निभाना उनके लिए अब तक का सबसे प्रयोगात्मक किरदार रहा है। समीक्षकों की हत्या करने वाले और शहर भर में कहर बरपाने वाले किसी ऐसे इंसान के साथ पहचान, करने के बारे में सोचना ही भयावह है। चुप सिर्फ एक जासूसी ड्रामा नहीं है बल्कि यह दिल को थाम देने वाली एक थ्रिलर है, जिसके बारे में आप सोच भी नहीं सकते। फिल्म चुप के बारे में श्रेया धनवंतरी ने कहा कि यह सिनेमा की एक प्रेम कहानी है। हत्या में कला खोजने की एक प्रेम कहानी। इसके आगे वह कहती हैं कि फिल्म समीक्षक नीला का किरदार के निभाकर मुझे बहुत मजा आया। वह एक ऐसी महत्वाकांक्षी फिल्म समीक्षक हैं जो सिनेमा से उतना ही प्यार करती हैं, जितना मैं करती हूं। निर्देशक आर बाल्की के मुताबिक, चुप, संवेदनशील कलाकार के लिए एक गीत है और गुरुदत्त उस सूची में सबसे ऊपर हैं। मेरे पास एक कहानी काफी समय से थी और मुझे खुशी है कि मैंने आखिरकार इसे लिखा, गुरुदत्त की बेहतरीन कृति कागज के फूल का भारी आलोचना हुई, फिल्म असफल रही और उसके बाद उन्होंने कोई फिल्म नहीं बनाई। कला को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए, कलाकार की संवेदनशीलता के बारे में कम ही लोग सोचते हैं। चुप एक ऐसी ही कहानी है जो एक कलाकार के काम के प्रति असंवेदनशीलता और ऐसी आलोचना के प्रति कालाकार की प्रतिक्रिया को दिखाती है।

### भारत न्यूजीलैंड पहला वनडे

# टीम इंडिया ने दिया 307 का टारगेट आखिरी 4 ओवर में 52 रन बनाए

**ऑकलैंड एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे की सीरीज का पहला मैच ऑकलैंड में खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 306 रन बनाए हैं। उसके टॉप-3 बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए। विराट कोहली की जगह पर खेलने आए श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाए। कप्तान शिखर धवन ने 72 और शुभमन गिल ने 50 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में टिम साउदी और लोकी फर्ग्यूसन को तीन-तीन विकेट मिले। एक विकेट एडम मिल्ने को मिला।



#### ऐसे गिरे टीम इंडिया के विकेट

**गिल:** लोकी फर्ग्यूसन की लेंथ बॉल पर शॉट खेलना चाहते थे। लेकिन, मिस टाइम कर गए और डीप स्क्वेयर लेग पर कॉन्वे को कैच दे बैठे।

**धवन :** 72 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टिम साउदी ने फिन एलेन के हाथ कैच कराया।

**पंत :** ऋषभ को लोकी फर्ग्यूसन ने बोल्ड कर दिया। पंत ने 23 गेंदों में 15 रन बनाए।

**सूर्यकुमार:** फर्ग्यूसन की लेंथ बॉल को ऑफ की दिशा में पुश करना चाहते थे। बॉल आउटर एज लेकर फिन एलेन के पास चली गई। सूर्या चार रन बनाकर आउट हुए।

**संजू सैमसन :** बड़ा हिट करना चाहते थे, लेकिन मिल्ने की बॉल आसमान भेदने चली गई। फिलिप ने कैच आउट किया।

**अय्यर का अर्धशतक:** विराट कोहली की जगह खेलने उतरे श्रेयर अय्यर ने अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को झटकों से उबारा। वे संजू सैमसन के साथ पांचवें विकेट के लिए 65+ की साझेदारी हो चुकी है।

**धवन का 39वां अर्धशतक:** कप्तान शिखर धवन ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 63वीं गेंद में धवन ने चौके के साथ फिफ्टी पूरी की। यह उनका वनडे इंटरनेशनल में 39वां अर्धशतक है। धवन ने 77 गेंदों पर 13 चौकों से सजी 72 रनों की पारी खेली।

**50 रन बनाकर आउट हुए गिल:** शुभमन गिल ने चौथा अर्धशतक जमाया है। उन्होंने 65 गेंदों में 50 रन बनाए। उनकी पारी में एक चौका और तीन छक्के शामिल रहे।

#### पहले पावर प्ले में 40 रन बने

मुकाबले का पहला पावर प्ले टीम इंडिया के नाम रहा। ओपनिंग करने उतरे कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने दस ओवर में 4 के रन रेट से 40 रन जोड़े। अहम बात यह रही की टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया।

**धवन-गिल के बीच 124 रन की पार्टनरशिप:** कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल के बीच 124 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। इस पार्टनरशिप को लोकी फर्ग्यूसन ने तोड़ा। उन्होंने गिल को कैच कराया।

